ज्येष्ठ कृष्णा - 1 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 295 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- | बेंगलूरु » शुक्रवार » 24-05-2024 | www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 जब निराश थे तो हमने आत्मसम्मान के लिए खेलना शुरू किया : कोहली

6 खतरों के खिलाडी थे देवऋषि नारद

7 शाहिद कपूर को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज पर फिल्म बनाएंगे अमित रॉय!

## फर्स्ट टेक

### योगी का हेलीकॉप्टर बिहार में रास्ता भटक गया

**मोतिहारी (बिहार)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि चुनाव प्रचार के लिए बिहार आने के दौरान उनका हेलीकॉप्टर रास्ता भटककर अपने गंतव्य स्थान के बजाए दूसरी जगह कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गया। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के प्रचार के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने बिहार के दो निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने राज्य के अपने दौरे का समापन पूर्वी चंपारण में एक रैली के साथ किया जिसमें शाम छह बजे प्रचार समाप्त होने में बस कुछ ही मिनट बाकी थे। योगी ने कहा, ''आज छठे चरण का प्रचार का अंतिम दिन है। आज सवेरे (ओडिशा में) पुरी गया और वहां से फिर एक और लोकसभा क्षेत्र में जाने के बाद मैं यहां आ रहा था कि हेलीकॉप्टर रास्ता भटककर दूसरे क्षेत्र में चला गया।''

### रूस के बेलगोरोड शहर में 20 से ज्यादा विस्फोट

**मॉस्को/एजेन्सी।** यूक्रेन की सीमा से लगभग 40 किमी उत्तर में स्थित रूस के शहर बेलगोरोड में गुरुवार को मिसाइल चेतावनी अलर्ट के बीच 20 से ज्यादा विस्फोट सुनाई दिए। रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार बेलगोरोड शहर के केंद्र में स्थित कैथेड्रल स्क्वायर के समीप मिसाइल चेतावनी अलर्ट के बीच 20 से अधिक विस्फोट सुनाई दिए।

### मालदीव में जल्द शुरू होगा भारत का रुपे कार्ड

**माले/भाषा।** मालदीव में जल्दी ही भारत का रुपे कार्ड शुरू होगा। इससे मालदीव की मुद्रा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह कदम ऐसे समय उठाया जा रहा है जब मालदीव और भारत बीच द्विपक्षीय संबंध थोड़ा असहज है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) का रुपे भारत में वैश्विक कार्ड भुगतान नेटवर्क में शामिल पहला कार्ड है। आर्थिक विकास और व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने भारत के रुपे सेवा शुरू किये जाने की घोषणा की।

### लाल सागर में गिरी मिसाइल, यमन के हूती विद्रोहियों पर संदेह

**दुबई/एपी।** यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा कथित रूप से दागी गई एक मिसाइल बृहस्पतिवार को लाल सागर में गिरी। हालांकि इस हमले में वहां से गुजर रहे एक वाणिज्यिक जहाज को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 24-05-2024 6:40 बजे | सूर्योदय 25-05-2024 5:52 बजे |
| BSE 75,418.04 (+1,196.98) | NSE 22,967.65 (+369.85) |
| सोना 7,559 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 92,275 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**गंदे बयान**

टिक रही सियासत मजहब पर,
हतप्रभ हिंदु और मुसलमान।
जब हैं सब ही हिंदुस्तानी,
फिर क्यों देते नेता बयान।
वोटों के दलबाजों हरगिज,
ना बोलो तुम फिरकी जुबान।
है मुल्क सभी का भारत ही,
'जय हिंद' सभी का यशोगान।।

## कलाबाजियां



गुरुवार को एनडीए, पुणे के हबीबुल्लाह हॉल में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 146वें पाठ्यक्रम के दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदर्शित की गई विभिन्न तरह के करतब और कलाबाजियों की एक झलक।

# कांग्रेस का बस चले तो वह 'राम-राम' कहने वालों को गिरफ्तार कर ले : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**महेंद्रगढ़ (हरियाणा)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि यदि कांग्रेस का बस चले तो वह 'राम-राम' कहने वाले हर व्यक्ति को गिरफ्तार कर लेगी। साथ ही उन्होंने विपक्षी पार्टी पर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए भारत को विभाजित करने और दो मुस्लिम राष्ट्र बनाने का आरोप लगाया।

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले मोदी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक रैली में यह दावा भी किया कि 'इंडिया' गठबंधन अगले पांच वर्ष में पांच प्रधानमंत्री की बात कर रहा है। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि गाय के दूध देने से पहले ही उसके घटक दलों में 'घी'को लेकर लड़ाई शुरु हो गई है।



■ जब तक मैं जीवित हूं, दलितों और आदिवासियों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पिछले 10-12 वर्ष में मुसलमानों को दिए गए ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया है, लेकिन वह फैसले को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।


भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह के लिए प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''जब तक मैं जीवित हूं, दलितों और आदिवासियों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता।''

इस सीट पर राज्य के नौ अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के साथ 25 मई को मतदान होना है। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन को 'घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी' बताते हुए कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं होने दिया। उन्होंने कहा, ''हरियाणा में हर कोई 'राम-राम' कहता है। लोग हर 10 कदम के बाद 'राम-राम' कहते हैं। लेकिन अगर कांग्रेस का बस चले तो वह 'राम-राम' कहने वालों को गिरफ्तार कर ले।''

अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता ठुकराए जाने को लेकर उसकी आलोचना करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि जब तक कांग्रेस सत्ता में थी, उसने राम मंदिर नहीं बनने दिया।

## शेयर बाजार में जबर्दस्त लिवाली से सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से रिकॉर्ड लाभांश भुगतान की मंजूरी दिए जाने के बीच बृहस्पतिवार को बैंक, पेट्रोलियम एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही सूचकांकों ने 1.6 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई और नए रिकॉर्ड के साथ बंद हुए। बीएसई के 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स ने 29 जनवरी के बाद की अपनी सबसे ऊंची छलांग लगाई और 1,196.98 अंक के लाभ के साथ यह 75,418.04 अंक के अपने अबतक के सबसे ऊंचे मुकाम पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,278.85 अंक यानी 1.72 प्रतिशत बढ़कर 75,499.91 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर भी गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी इस जबर्दस्त तेजी का फायदा उठाते हुए नया रिकॉर्ड बनाया। निफ्टी 369.85 अंक यानी 1.64 प्रतिशत बढ़कर 22,967.65 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 395.8 अंक यानी 1.75 प्रतिशत उछलकर 22,993.60 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।



## राजनाथ ने स्वाती मालीवाल प्रकरण पर 'आप' पर किया कड़ा प्रहार

### जो सरकार माता-बहनों और बेटियों की सुरक्षा की चिंता नहीं कर सकता उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वाति मालिवाल प्रकरण पर गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान के साथ सत्ता में आयी यह पार्टी झूठ की राजनीति कर रही है और महिलाओं का अपमान करती है।

सिंह ने कहा कि जो सरकार माता-बहनों और बेटियों की सुरक्षा की चिंता नहीं कर सकता उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने द्वारका में एक सभा को संबोधित कह रहे थे। इस जनसभा में पश्चिमी दिल्ली प्रत्याशी श्रीमती कमलजीत सहरावत और भाजपा विधायक राजेश गहलोत सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।



उन्होंने कहा कि अपने सरकारी आवास में अपनी ही पार्टी के सांसद पर कथित हमले और दुर्व्यहार की घटना पर 15 दिन तक चुप्पी साधने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अब कह रहे हैं कि मामले की जांच चल रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा देने वाले अरविन्द केजरीवाल पर दिल्ली की जनता कैसे भरोसा कर सकती है?

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाले केजरीवाल आज भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गए हैं और जेल की सलाखों के पीछे हैं।

सिंह ने कहा कि लोग 'वर्क फ्रॉम ऑफिस' या 'वर्क फ्रॉम होम' करते हैं, लेकिन दिल्ली मुख्यमंत्री तो वर्क फ्रॉम जेल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अपराध और भ्रष्टाचार करने के बाद भी देश की जनता में लगातार धूल झोंक रहे हैं और विश्व में अपनी छवि एक नैतिकता पूर्ण नेता की बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

## उपलब्धि



काम्या कार्तिकेयन नेपाल की ओर से दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 16 साल की उम्र में हासिल की। जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील एड्वेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस पर्वतारोहण में सहयोग करने वाले टीएसएएफ के एक अधिकारी ने बताया कि काम्या ने अपने पिता एवं भारतीय नौसेना के कमांडर एस. कार्तिकेयन के साथ एवरेस्ट की चोटी को फतह किया। उन्होंने बताया कि पिता और पुत्री 20 मई को एवरेस्ट की 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे।

## इस्तीफा नहीं दूंगा : केजरीवाल

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे क्योंकि यह नजीर बन जाएगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार को ममता बनर्जी और एम.के.स्टालिन सहित विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाने की खुली छूट मिल जाएगी जो लोकतंत्र के लिए बहुत खतनाक होगा। केजरीवाल को अदालत ने शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में एक जून तक की अंतरिम जमानत दी है और दो जून को तिहाड़ जेल वापस जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बुधवार को 'पीटीआई-भाषा'को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह जेल से ही दिल्ली के मुख्यमंत्री के कर्तव्यों का निर्वहन करने की अनुमति के लिए अदालत का रुख करेंगे।



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को उनकी सरकार की आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। भाजपा केजरीवाल से उनकी गिरफ्तारी के बाद से ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की मांग कर रही है।

## दिनेश कार्तिक ने आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**नई दिल्ली/भाषा।** महेंद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही परवान नहीं चढ़ा हो लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इस खेल के प्रशंसकों के दिलों पर राज किया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्तिक ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में हार के बाद अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया। आईपीएल ऐसा मंच है जहां कार्तिक की मांग कभी कम नहीं हुई।



## पाक अधिकारी अब 'भीख का कटोरा' लेकर मित्र देश नहीं जाएंगे : शहबाज शरीफ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इस्लामाबाद/दुबई/भाषा।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को कहा कि ''वे दिन अब गए'' जब नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के अधिकारी... अपने आर्थिक संकट से निपटने के लिए 'भीख का कटोरा' लेकर मित्र देश नहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री शरीफ ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की एक दिन की यात्रा के दौरान यह टिप्पणी की।

पाकिस्तान और यूएई के बीच लंबे समय से धार्मिक-सांस्कृतिक समानता पर आधारित भाईचारे वाले संबंध हैं।

'जियो न्यूज' ने शरीफ के हवाले से कहा, ''वे दिन गए जब मैं अपने मित्र देशों में भीख का कटोरा लेकर जाता था। मैंने वह कटोरा तोड़ दिया है।''



संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''मेरे प्यारे भाई, आपने अपने महान पिता की तरह एक भाई की तरह परिवार के सदस्य की तरह पाकिस्तान का समर्थन किया है।'' हालांकि, इस कार्यक्रम में यूएई के राष्ट्रपति मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा, '' लेकिन आज मैं यहां इस महान देश में हूं, इस भाईचारे वाले महान देश में ऋण मांगने के लिए नहीं बल्कि संयुक्त सहयोग, संयुक्त निवेश की तलाश में हूं।''

मार्च में सत्ता में आने वाली नई सरकार के प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सहयोगों से निवेशकों को पारस्परिक लाभ होगा और कड़ी मेहनत, सरलता और आधुनिक उपकरणों और कौशल के माध्यम से लाभांश प्राप्त किया जाएगा।

पाकिस्तान की आबादी के 60 प्रतिशत हिस्से, यानी युवाओं को सशक्त बनाने के लिए आईटी कौशल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने अर्थव्यवस्था को डिजिटल बनाने के लिए यूएई और पाकिस्तान की कंपनियों के बीच सहयोग की सराहना की और इसे पाकिस्तान में दोहराने की इच्छा व्यक्त की।

### हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्लु ने कहा

## अब भी तिब्बत को स्वायत्त देश मानता है भारत

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत अब भी तिब्बत को एक स्वायत्त देश मानता है और एक दिन ऐसा आएगा जब उसका झंडा हिमालय की चोटी पर लहराएगा। शुक्ल ने कहा कि भारत का मानना है कि एक स्वायत्त देश के रूप में तिब्बत की पहचान बरकरार है।

बुद्ध जयंती के अवसर पर शिमला के निकट पंथाघाटी में बौद्ध मठ में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा, ''कुछ हमलावरों ने तिब्बत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन भारत तिब्बत को एक स्वायत्त देश मानता है। आलोचना और विरोध के बावजूद भारत तिब्बती आध्यात्मिक प्रमुख दलाई लामा को राष्ट्र पुरुष मानता है।'' उन्होंने कहा, ''अध्यात्म और गुरुत्व का पालन किया जाना चाहिए और एक दिन, तिब्बत का झंडा फिर से हिमालय की चोटी पर फहराएगा।''



समारोह में मुख्य अतिथि रहे शुक्ल ने कहा कि करुणा का उपदेश देने वाले भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि कुछ अहंकारी नेता और देश अहंकारी हो गए हैं। उन्होंने बौद्ध धर्म की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में किन्नौर, लाहौल-स्पीति के बौद्ध समुदायों और भारत-तिब्बत मैत्री सोसायटी के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाओं की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने के लिए उनका समर्पण सराहनीय है।

## 'विरासत टैक्स' लगाने वाली सरकार, पार्टी नहीं चाहिए : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेतिया/मोतिहारी/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इसका ''विरासत टैक्स'' औरंगजेब के समय का जजिया कर है और इस तरह का कर लगाने वाली सरकार, पार्टी हमें नहीं चाहिए। योगी ने बिहार के पश्चिमी चंपारण और पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग चुनावी सभाओं को संबोधित किया।



पश्चिमी चंपारण में सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ''भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) देश का सम्मान बढ़ा रहे हैं। देश की रक्षा, समृद्धि, विकास, विरासत और गरीब कल्याण के लिए काम कर रहे हैं वहीं कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के गठबंधन का मकसद सत्ता हासिल करना और लूटना है।'' उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से सवाल करते हुए कहा, ''क्या आप इन्हें लूटने की आजादी देंगे। कतई नहीं देना।'' उन्होंने कहा, ''जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) और भाजपा की सरकार ने बिहार को जिस अराजकता से उबारा है आज राज्य को उधर नहीं जाने देना है।'' आदित्यनाथ ने राजग के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा, ''घोषणापत्र देखिए मोदी जी ने कहा है कि आत्मनिर्भर विकसित भारत बनाएंगे लेकिन कांग्रेस और उनके सहयोगी क्या कहते हैं सभी अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण मुस्लिमों को दे देना चाहिए।

# भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता के संकट के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जिम्मेदार : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में सहयोगी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता के संकट के लिए ये दोनों दल ही जिम्मेदार हैं। सिंह ने राजधानी में चुनाव प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के पक्ष में एक चुनावी सभा को



संबोधित करते हुए यह बात कही।

दिल्ली में सीट-बंटवारा समझौते के तहत आम चुनाव लड़ रहे कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा, ''कांग्रेस और 'आप' के नेताओं ने भारत की राजनीति में विश्वसनीयता का संकट खड़ा करने में सर्वाधिक योगदान दिया है।'' 'आप' जहां चार सीट पर चुनाव लड़ रही है, वहीं कांग्रेस ने तीन सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। दिल्ली की सात लोकसभा सीट पर आम चुनाव के छठे दौर में 25 मई को मतदान होगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री और 'आप' संयोजक अरविंद केजरीवाल को आड़े हाथ लेते हुए सिंह ने कहा कि वह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले के सिलसिले में गिरफ्तार होने और जेल में जाने के बाद भी पद पर बने हुए हैं। उन्होंने कहा, ''मैंने दफ्तर से काम और घर से काम तो सुना है। यहां मुख्यमंत्री ने जेल से काम करने का चमत्कार किया है।''

केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 10 मई को अंतरिम जमानत पर जेल से रिहा किया गया था। शीर्ष अदालत के आदेश के अनुसार उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा और जेल जाना होगा। आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर कथित हमले का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि यह हृदय विदारक घटना थी लेकिन केजरीवाल लंबे समय तक चुप्पी साधे रहने के बाद अब कह रहे हैं कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिंह ने कहा, ''एक व्यक्ति जिसकी मौजूदगी में उसके घर में एक महिला से मारपीट की गई हो, वह कहता है कि जांच जारी है। ऐसे लोग कायर हैं। बहादुर व्यक्ति वो होता है जो स्वीकार करता है कि गलती हुई है और वह परिणाम भुगतने को तैयार है।'' रक्षा मंत्री ने कहा, '' 'आप' जैसे दलों का देश की राजनीति से सफाया होना चाहिए। उन्हें राजनीति में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।'' सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के शासन में ''बड़े वित्तीय प्रतिष्ठान दावा कर रहे हैं कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इस रफ्तार से यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।'' सिंह ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि 2070 तक भारत दुनिया का सबसे अमीर देश बन जाएगा। सिंह ने कहा कि भारत दुनिया की महाशक्ति बनना चाहता है। उन्होंने कहा, ''लेकिन हम किसी देश पर हमला करने या किसी की एक इंच भी जमीन पर कब्जा करने के लिए महाशक्ति नहीं बनना चाहते। हम दुनिया के कल्याण के लिए ऐसा चाहते हैं।''

## केरल में भारी बारिश, मौसम विभाग ने दो जिलों में जारी किया रेड अलर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि/भाषा।** केरल में मानसून से पूर्व हो रही बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को बारिश के अलर्ट को संशोधित किया और राज्य के दो जिलों में रेड अलर्ट जारी किया।

इस बीच, राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी है जिससे तिरुवनंतपुरम, कोच्चि और त्रिशूर सहित प्रमुख शहरों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। आईएमडी ने एर्णाकुलम और त्रिशूर जिलों के लिये रेड अलर्ट जारी किया। इससे पहले इन दोनों स्थानों के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। मौसम विभाग ने राज्य के पथानमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड और वायनाड जिलों में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

रेड अलर्ट 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर से अधिक की भारी से अत्यधिक भारी बारिश का संकेत देता है, जबकि ऑरेंज अलर्ट के तहत 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना होती है। छह सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना होने पर येलो अलर्ट जारी किया जाता है।

भारी बारिश के कारण कोच्चि के बस स्टैंड में भी जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है।

टीवी चैनलों से जारी फुटेज के अनुसार, कोच्चि शहर की कई प्रमुख सड़कें जलमग्न होने से यातायात अवरुद्ध हो गया है। पुलिस अधिकारियों को शहर के विभिन्न स्थानों पर वाहनों का मार्ग बदलवाते देखा जा सकता है।

## दूरसंचार कंपनियों को छह लाख मोबाइल कनेक्शन का सत्यापन करने का निर्देश

**नई दिल्ली/भाषा।** दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को छह लाख से अधिक मोबाइल कनेक्शन का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। ये ऐसे कनेक्शन हैं, जिनके बारे में संदेह है कि ये गलत दस्तावेजों का उपयोग करके प्राप्त किये गये हैं। विभाग ने दूरसंचार कंपनियों को 60 दिन के भीतर चिन्हित मोबाइल नंबरों का फिर से सत्यापन करने का निर्देश दिया है। बयान में कहा गया है, ''दूरसंचार विभाग ने लगभग 6.80 लाख मोबाइल कनेक्शन की पहचान की है। इनके बारे में संदेह है कि ये अवैध, गलत और जाली पहचान प्रमाण और पते के प्रमाणपत्र जैसे केवाईसी दस्तावेजों का उपयोग करके प्राप्त किये गये हैं।'' विभाग ने कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिये विश्लेषण के बाद लगभग 6.80 लाख मोबाइल कनेक्शन को संभावित रूप से धोखाधड़ी वाले नंबर के रूप में चिह्नित किया है। बयान में कहा गया है, गलत या फर्जी केवाईसी दस्तावेज का उपयोग बताता है कि इन मोबाइल कनेक्शन को गलत तरीके से प्राप्त किया गया।

## सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया

**नारायणपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और बीजापुर जिले की सीमा में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के प्लाटून नंबर-16 और इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा तथा बस्तर जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि दल आज सुबह 11 बजे जब क्षेत्र में था तो नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच देर तक मुठभेड़ जारी रही।

## 'इंडी' गठबंधन मुस्लिम लीग के एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है : जेपी नड्डा




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर ग़ैर-संवैधानिक तरीक़े से तुष्टीकरण की नीति को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया और दावा किया इसी प्रकार 'इंडिया' गठबंधन मुस्लिम लीग के एजेंडे को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है।

कलकत्ता उच्च न्यायालय की ओर से पश्चिम बंगाल में 2010 से कई वर्गों को दिए गए ओबीसी दर्जे को अवैध करार दिए जाने के एक दिन बाद नड्डा ने एक बयान में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और इस मामले में उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ''कलकत्ता उच्च न्यायालय का ये निर्णय बताता है कि ममता सरकार ग़ैर-संवैधानिक तरीक़े से तुष्टीकरण की नीति को आगे बढ़ा रही थी। एक तरह से कहा जाये तो तृणमूल कांग्रेस, मुस्लिम लीग के एजेंडा को आगे बढ़ा रही थी।''

भाजपा अध्यक्ष ने संविधान का हवाला देते हुए कहा कि इसमें साफ लिखा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता 'लेकिन ये 'इंडी' गठबंधन मुस्लिम लीग के एजेंडे (जिस एजेंडे के तहत भारत का विभाजन हुआ) को फिर से आगे बढ़ाने का काम कर रहा है'।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में 2010 से कई वर्गों को दिए गए ओबीसी दर्जे को अवैध करार दिया। अदालत ने कहा कि सूची में मुसलमानों के 77 वर्गों को शामिल करना उन्हें वोट बैंक के रूप में मानने के लिए था।

इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए बनर्जी ने कहा था कि वह आदेश को 'स्वीकार नहीं करेंगी' और इसे ऊपरी अदालत में चुनौती देंगी।

## पुणे कार हादसा : पुलिस ने नाबालिग आरोपी के दादा से पूछताछ की

**पुणे/भाषा।** पुणे पुलिस पोर्शे कार दुर्घटना मामले में संलिप्त 17 वर्षीय लड़के के दादा से बृहस्पतिवार को पूछताछ कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुणे पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने किशोर के पिता, स्टाफ सदस्यों और मुंडवा क्षेत्र में शराब परोसने वाले दो बार के मालिक के खिलाफ दर्ज मामले के सिलसिले में लड़के के दादा को पूछताछ के लिए तलब किया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''नाबालिग के दादा से फिलहाल पुणे पुलिस आयुक्तालय में अपराध शाखा के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।''



## पंजाब में मोदी का 'आप' पर हमला, भगवंत मान को 'कागजी सीएम' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटियाला/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में मादक पदार्थों का कारोबार फल-फूल रहा है और सरकार कर्ज में डूबी हुई है। मोदी ने लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के तहत एक जून को होने वाले मतदान से पहले राज्य में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब ने कृषि से लेकर उद्योग तक विभिन्न क्षेत्रों में देश को नेतृत्व प्रदान किया है।

इसके बाद उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला बोलते हुए कहा कि उद्योग अब पंजाब छोड़ रहे हैं जबकि नशे का कारोबार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''पूरी सरकार कर्ज में डूबी हुई है।''

मोदी ने कहा कि राज्य में सरकार का आदेश नहीं चलता है बल्कि यहां रेत और ड्रग माफिया के साथ शूटर गैंग का राज चलता है। उन्होंने कहा, ''सभी मंत्री आनंद ले रहे हैं और कागजी मुख्यमंत्री हमेशा दिल्ली दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में व्यस्त रहते हैं।''

मोदी ने कहा, ''क्या ऐसे लोग पंजाब में विकास कर सकते हैं?'' उन्होंने आप और कांग्रेस पर दिल्ली में लोकसभा चुनाव साथ मिलकर और पंजाब में एक दूसरे के खिलाफ लड़ने को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''पंजाब में वे लोगों को दिखाने के लिए चुनाव में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। दिल्ली की घोर भ्रष्ट पार्टी और सिख विरोधी दंगों की दोषी पार्टी पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ने का नाटक कर रही है।''

## महाराष्ट्र में नदी में नाव पलटने से एसडीआरएफ के तीन जवान डूबे

**पुणे/भाषा।** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में बृहस्पतिवार सुबह एक नाव के नदी में पलट जाने के बाद राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के एक सब-इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल डूब गये। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह घटना अकोले तहसील के सुगाव गांव के पास सुबह करीब 7 बजकर 45 मिनट पर एक युवक की तलाश के दौरान हुई, जो बुधवार को एक अन्य व्यक्ति के साथ प्रवरा नदी में डूब गया था। तलाशी दल में एसडीआरएफ के चार कर्मी और एक नागरिक शामिल था।

अहमदनगर के पुलिस अधीक्षक राकेश ओला ने कहा, ''कल दो युवक नदी में डूब गए। उनमें से एक का शव कल निकाल गया था, जबकि दूसरे व्यक्ति की तलाश जारी थी। तलाशी अभियान चलाने के लिए एसडीआरएफ की एक टीम को बुलाया गया था।'' उन्होंने कहा, ''तलाशी अभियान के दौरान, एसडीआरएफ के चार कर्मियों सहित पांच लोगों को ले जा रही नाव सुबह करीब 7 बजकर 45 मिनट पर नदी में पलट गई।''

## भाजपा-आरएसएस की सोच है कि महिलाएं दोयम दर्जे की नागरिक बनी रहें : राहुल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सोच यह है कि महिलाएं दोयम दर्जे की नागरिक बनी रहें। उत्तर-पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार उदित राज के समर्थन में मंगोलपुरी इलाके में एक चुनावी कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक को बहुत धूमधाम से पारित किया, लेकिन बाद में उसने कहा कि यह 10 साल बाद लागू होगा।

इससे पहले उन्होंने उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को देश के संविधान एवं आरक्षण को खत्म करने का सपना देखना छोड़ देना चाहिए, क्योंकि उनकी पार्टी और देश के करोड़ों लोग ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के प्रचार के आखिरी दिन राहुल गांधी ने मेट्रो की सवारी भी की और लोगों से बातचीत की। राहुल गांधी ने मंगोलपुरी के कार्यक्रम में भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा, ''आरएसएस में महिलाओं को (अपने संगठन में) लेते ही नहीं है, महिला अंदर ही नहीं जा सकती है। इनकी सोच में यह समाया हुआ है कि महिलाओं को दोयम दर्जे का नागरिक रखना है।'' उनका कहना था, ''प्रधानमंत्री मोदी ने धूमधाम से महिला आरक्षण विधेयक पारित करवाया और फिर कहा कि इसे 10 साल बाद लागू करेंगे। लेकिन कांग्रेस की गारंटी है- हम महिलाओं को लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा में तुरंत आरक्षण देंगे। इसके साथ ही केंद्र की सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक महिलाओं को भागीदारी नहीं मिलेगी, ये देश प्रगति नहीं कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा, ''आज गरीब परिवार के लोगों को ठेकेदारी प्रथा पर लगाया जा रहा है। जिनमें अधिकतर लोग दलित, पिछड़े और आदिवासी वर्ग से आते हैं। इसलिए कांग्रेस ने गारंटी दी है- हम सरकारी नौकरी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में ठेकेदारी प्रथा बंद कर देंगे।''



## आकर्षक स्थल के रूप में उभर रहा भारत, अगले दशक में नेतृत्व करने को तैयार : चंद्रशेखरन

**नई दिल्ली/भाषा।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि भारत एक आकर्षक क्षेत्र है और अगले दशक में नेतृत्व को पूरी तरह से तैयार है। चंद्रशेखरन ने टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. (टीसीपीएल) के शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया अनिश्चितता का सामना कर रही है और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर महामारी से लेकर वैश्विक स्तर पर जारी तनाव से जुड़ी चुनौतियों की वजह से सुस्त बनी हुई है। टाटा संस के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा, ''इस वैश्विक पृष्ठभूमि के बीच, भारत नई वैश्विक व्यवस्था में अपनी भूमिका को परिभाषित करते हुए एक आकर्षक स्थान के रूप में उभर रहा है।'' उन्होंने टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भी मजबूती दिखायी है। चंद्रशेखरन ने कहा, ''मजबूत बही-खाता, बेहतर बैंक प्रणाली, कंपनी कर की अनुकूल दरें, बेहतर पूंजीगत व्यय और एक मजबूत सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ भारत अगले दशक का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।''

## लोकसभा चुनाव : 5वें चरण में 62.20% मतदान, पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की भागीदारी अधिक

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव के तहत 20 मई को पांचवें चरण के लिए कुल 62.20 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को संशोधित आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी। आयोग के मुताबिक पांचवें चरण में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने अधिक मतदान किया।

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक 63 प्रतिशत महिला मतदाताओं की तुलना में 61.48 प्रतिशत पंजीकृत पुरुष मतदाता मतदान केंद्रों पर पहुंचे। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान हुआ था, जहां 4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिलाएं और तृतीय लिंग के 5409 मतदाता सहित 8.95 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र थे। बिहार, झारखंड, लद्दाख, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में मतदान प्रक्रिया में



पुरुषों की तुलना में महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। बिहार और झारखंड में पुरुष-महिला मतदान प्रतिशत का अंतर बहुत अधिक था। बिहार में जहां पात्र पुरुष मतदाताओं में से 52.42 फीसदी पुरुषों ने मतदान किया, वहीं महिलाओं का मतदान प्रतिशत 61.58 रहा। इसी तरह, झारखंड में 58.08 प्रतिशत पुरुषों ने मतदान किया, जबकि महिलाओं में मतदान प्रतिशत 68.65 रहा।


11वें पुण्यस्मरण पर हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पण



जन्म
12.10.1956

स्वर्गवास
24.05.2013

स्व. श्री जयंतीलालजी मरड़िया
(सुपुत्र-श्रीमती त्रिजादेवी भबूतमलजी मरड़िया)

बड़ों का आदर करने, छोटों पर असीम स्नेह की वर्षा करने, सब परिवारजनों के साथ स्नेहभरा सामंजस्य स्थापित कर अटूट पारिवारिक बंधन को हमेशा मजबूत करने की प्रेरणा देने वाली इस दिव्यात्मा के सद्कर्म सदैव हमारा मार्ग प्रशस्त करते रहें, यही परमात्मा से प्रार्थना है। हम सबकी ओर से दिवंगत पुण्यात्मा को सादर विनम्र श्रद्धांजलि।

श्रद्धावनत
कुसुम मरड़िया (धर्मपत्नी)
प्रकाश, जितेन्द्र, हंसमुख (अनुज)
अंकित-सपना, चिराग-मिनाक्षी (पुत्र-पुत्रवधु)
पीयूष, विशाल, आशीष, विनित(भतीज), प्रणव(पौत्र), जस्विका(पौत्री)
समस्त मरड़िया परिवार, बेंगलूर (मंडार-राज.)



मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सूखे और मानसून कृषि गतिविधियों पर सभी जिला कलेक्टरों, जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ वीडियो बातचीत की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, राजस्व मंत्री कृष्णा बायरेगौड़ा, मंत्री एच.के. पाटिल, केएच मुनियप्पा, चेलुवरयास्वामी, बैराती सुरेश, शिवराज थंगडागी, प्रियांक खरगे, रहीम खान, शिवानंद पाटिल, एस.एस. मल्लिकार्जुन, संतोष लाड, सरकार के मुख्य सचिव रजनीश गोयल, उप मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एल.के. अतीक और अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी उपस्थित थे।

# यदि कोई महामारी फैली तो अधिकारी जिम्मेदार होंगे : मुख्यमंत्री सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने चेतावनी दी है कि हैजा या अन्य महामारी होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदूषित पानी से किसी को परेशानी हुई तो सीधे तौर पर डीसी जिम्मेदार होंगे। मुख्यमंत्री ने यह चेतावनी आज मैसूरु में दूषित पानी पीने से हुई मौतों और अस्पताल में भर्ती लोगों के बाद गृह कार्यालय कृष्णा में जिला प्रशासन के साथ वीडियो बातचीत में दी।

### किसानों को ऋण सुविधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इतना ही नहीं, चूंकि प्री-मानसून बारिश शुरू हो गई है, इसलिए उन्होंने सुझाव दिया कि सहकारी समितियों में किसानों के लिए बीज, उर्वरक और ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। प्रदूषित पानी की जांच में जुटे इंजीनियर, दूषित पानी के कारण मैसूर के दो गांवों में हैजा पाया गया है। पानी पीने लायक है या नहीं इसकी जांच न करना बहुत बड़ा अपराध है, अधिकारियों की लापरवाही के कारण इस तरह की घटना हुई है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

### दोषी अधिकारियों का निलंबन

पूरे राज्य में पेयजल की जांच नियमित रूप से होनी चाहिए, इसके लिए जिला स्तर के अधिकारी जिम्मेदार हैं, दोषी अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जायेगा। प्री-मानसून बारिश शुरू हो गई है, इस बार आचार संहिता लागू होने की अवधि लंबी है, सरकार का प्रशासन प्रभावित हुआ है, सभी जिला आयुक्त रिटर्निंग ऑफिसर हैं, वे चुनाव कार्य में व्यस्त हैं और विकास कार्यों को प्राथमिकता नहीं दे सके। मई माह में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। बुआई का काम भी शुरू हो गया है। मई में बुआई का लक्ष्य रकबा 2.95 लाख हेक्टेयर, उपलब्धि रकबा 68,000 हेक्टेयर बुआई है। अभी 13 दिन और बाकी हैं।

6 जून तक आचार संहिता लागू रहेगी, जिसके चलते अति आवश्यक कार्यों पर ध्यान दिया जाए, सभी जिला अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी समन्वय बनाकर काम करना शुरू कर दें, फरवरी में बजट पेश होता है, वित्तीय वर्ष के दो माह बीत रहे हैं। इस वर्ष की ऋण योजना भेजी जा चुकी है। जिला बैंकर्स से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैंकर्स को किसानों का सूखा राहत राशि माफ नहीं करने का सख्त निर्देश दिया गया है।

फसल बीमा क्लेम करते समय कंपनियों के सैंपल सत्यापन को लेकर किसानों के मन में कई शंकाएं हैं, कंपनियों के खेल से सरकार की बदनामी होने का खतरा है, यह सुझाव मंत्री संतोष लाड ने दिया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने बीमा कंपनियों से इस बारे में पहले ही चर्चा करने और किसानों की सुविधा के लिए उपाय करने का सुझाव दिया।

# देवेगौड़ा ने पोते प्रज्ज्वल को दी सख्त चेतावनी, स्वदेश लौटने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल (सेकुलर) के संरक्षक एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने अपने पोते और पार्टी के निलंबित सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को बृहस्पतिवार को 'कड़ी चेतावनी' जारी की और उससे देश लौट कर यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच का सामना करने को कहा। देवेगौड़ा ने यह भी कहा कि जांच में उनके या परिवार के अन्य सदस्यों की तरफ से कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रज्ज्वल पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है। वह अप्रैल के आखिरी हफ्ते में कथित रूप से जर्मनी चला गया था। देवेगौड़ा ने उससे कहा कि वह भारत लौटे और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करे।

जद (एस) प्रमुख ने दोहराया कि उनके पोते को दोषी पाए जाने पर कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। देवेगौड़ा (92) ने एक बयान में कहा, इस समय, मैं केवल एक ही काम कर सकता हूं कि मैं प्रज्ज्वल को कड़ी चेतावनी दे सकता हूं और उससे कह सकता हूं कि वह जहां भी है वहां से भारत लौट आए और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दे, तथा कानूनी प्रक्रिया का सामना करे। उन्होंने स्पष्ट किया, जो मैं कर रहा हूं अपील नहीं है, बल्कि यह एक चेतावनी है जो मैं जारी कर रहा हूं। उन्होंने कहा, अगर उसने इस चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया तो उसे मेरे और अपने परिवार के सभी सदस्यों के क्रोध का सामना करना पड़ेगा। कानून उसपर लगे आरोपों को देखेगा, लेकिन परिवार की बात न सुनने से उसका पूरी तरह से अलग-थलग होना तय हो जाएगा। अगर उसके मन में मेरे लिए कोई सम्मान बचा है तो उसे तुरंत लौटना होगा।





पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, मैं यह भी स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि उसके खिलाफ जांच में मेरे या मेरे परिवार के सदस्यों की ओर से कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाए। मेरे मन में इस संबंध में कोई भी भावना नहीं है, केवल उन लोगों के लिए न्याय का मुद्दा है जो उसके कथित कृत्यों और करतूतों से पीड़ित हुए हैं।

देवेगौड़ा ने बताया कि उन्होंने 18 मई को प्रज्ज्वल रेवन्ना के बारे में मीडिया से बात की थी। बुजुर्ग नेता ने कहा, ''उसने (प्रज्ज्वल) मुझे, मेरे पूरे परिवार, मेरे सहयोगियों, दोस्तों और पार्टी कार्यकर्ताओं को जो सदमा और दर्द दिया है, उससे उबरने में मुझे कुछ समय लगा। मैं पहले ही कह चुका हूं कि अगर वह दोषी पाया गया तो उसे कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।'' उन्होंने कहा कि वह लोगों को यह विश्वास भी नहीं दिला सकते हैं कि वह प्रज्ज्वल की गतिविधियों से अनजान थे, या उसे बचाने की उनकी कोई इच्छा नहीं है, वह उसकी हरकतों और उसकी विदेश जाने के बारे में भी अवगत नहीं थे।

जद (एस) के संरक्षक ने कहा, मैं अपनी अंतरात्मा की आवाज पर जवाब देने में विश्वास करता हूं। मैं भगवान में विश्वास करता हूं और मैं जानता हूं कि ईश्वर सच जानता है। देवेगौड़ा ने कहा कि उन्होंने हाल के हफ्तों में दुर्भावनापूर्ण रूप से फैलाए गए राजनीतिक षड्यंत्रों, उकसावे और झूठ पर टिप्पणी नहीं करने का फैसला किया था। पूर्व प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि लोगों का विश्वास दोबारा हासिल करना उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# केंद्र प्रज्ज्वल रेवन्ना को वापस लाने में सहयोग के लिए तैयार है : प्रह्लाद जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कलबुर्गी। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जनता दल (एस) के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की एक प्रक्रिया है और केंद्र उसे देश वापस लाने में सहयोग करने के लिए तैयार है। प्रज्ज्वल कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी हैं। राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए जोशी ने सवाल किया कि प्रज्ज्वल के विदेश भागने से पहले उनके खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में क्यों नहीं लिया गया? केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर केंद्र पर दोष मढ़ने और इस मुद्दे पर राजनीति करने का भी आरोप लगाया।

जोशी मुख्यमंत्री सिद्दरामैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूसरा पत्र लिखकर प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के लिए त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह करने के सवाल पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

जोशी ने कहा, राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की एक प्रक्रिया है...अभी तक सिद्दरामैया, (उपमुख्यमंत्री) डीके शिवकुमार और (गृह मंत्री) परमेश्वर ने मेरे सवाल का जवाब नहीं दिया है। उन्होंने कहा, (प्रज्ज्वल की संलिप्तता वाली अश्लील वीडियो वाली) पहली पेन ड्राइव 21 अप्रैल को सामने आई और प्रज्ज्वल रेवन्ना 27 अप्रैल को विदेश रवाना हो गए। क्या वे सात दिन तक गधों की रखवाली कर रहे थे? आपने प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें हिरासत में क्यों नहीं लिया? यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, उन्हें (प्रज्ज्वल को) विदेश से वापस लाने की एक प्रक्रिया है और भारत सरकार कानून के अनुसार आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करके राज्य सरकार को सहयोग देने के लिए तैयार है।



जोशी ने कहा, लेकिन यह बात कि जैसे ही हम (मुख्यमंत्री या राज्य सरकार) पत्र लिखें, चीजें होनी चाहिए, या फिर भाजपा पर दोष मढ़ दें (सही नहीं है)। उन्होंने (राज्य सरकार ने) वोक्कालिगा वोट पर नजर होने के कारण पहले चरण का मतदान (26 अप्रैल को) खत्म होने तक पेन ड्राइव मामले में कार्रवाई नहीं की। अब वे केंद्र पर दोष मढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और प्रज्ज्वल को जांच का सामना करना होगा और दोषी पाए जाने पर सजा भी भुगतनी होगी। इस पर तो कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा, लेकिन कर्नाटक सरकार जांच से ज्यादा इस मामले में राजनीति करने की कोशिश कर रही है।

सिद्दरामैया ने प्रधानमंत्री मोदी को 22 मई को लिखे अपने पत्र में कहा कि यह निराशाजनक है कि गंभीर स्थिति के बावजूद, प्रज्ज्वल के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने के संबंध में उनके पिछले पत्र पर कार्रवाई नहीं की गई है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले एक मई को मोदी को पत्र लिखकर प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के लिए विदेश और गृह मंत्रालयों से त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया था। इस बीच विदेश मंत्रालय प्रज्ज्वल के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने की मांग करने वाले कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर कार्रवाई कर रहा है। गौरतलब है कि तैंतीस वर्षीय प्रज्ज्वल जद (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन लोकसभा क्षेत्र से राजग के उम्मीदवार हैं। उन पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है। वह हासन में मतदान होने के एक दिन बाद 27 अप्रैल को कथित रूप से जर्मनी चले गए थे।

## मुख्यमंत्री ने मोदी से फिर की प्रज्ज्वल रेवन्ना के पासपोर्ट को रद्द करने की अपील

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक और पत्र लिखकर हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के लिए 'त्वरित और आवश्यक' कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। प्रज्ज्वल पर महिलाओं के यौन शोषण के आरोप हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा, यह 'बेहद निराशाजनक' है कि इतने गंभीर मामले में पूर्व में उनकी ओर से लिखे गए पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने इससे पहले एक मई को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रज्ज्वल के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने के लिए विदेश और गृह मंत्रालय से त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया था।

राज्य सरकार ने सांसद के खिलाफ यौन शोषण के अनेक आरोपों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया था और उसने भी अदालत की ओर से प्रज्ज्वल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होने के आधार पर उसका राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के संबंध में विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा था। सिद्दरामैया ने 22 मई को प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा, मैं आपका ध्यान एक बार फिर उन गंभीर घटनाओं की ओर आकर्षित करने के लिए लिख रहा हूं जिसका आरोप प्रज्ज्वल रेवन्ना पर है।



# आईसीएआई द्वारा बेंगलूरु में तीन दिवसीय इनोवेशन कॉन्फ्रेंस 27 जून से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। इंस्टीट्यूट ऑफ अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने नवाचार को बढ़ावा देने और नए उद्यमियों के लिए बेंगलूरु में 27 से 29 जून तक 'स्टार्टअप स्फीयर 2024' का आयोजन किया है। यह बात इंस्टीट्यूट ऑफ अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए रंजीत कुमार अग्रवाल ने बेंगलूरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही।

आईसीएआई स्टार्टअप स्फीयर 2024 का आयोजन 27 से 29 जून 2024 तक इंस्टीट्यूट ऑफ अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय, इनोवेशन कमेटी, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सेवा और विश्व व्यापार संगठन निदेशालय के सहयोग से किया गया है। अग्रवाल ने कहा कि आईसीएआई स्टार्टअप स्फीयर 2024 बेंगलूरु में कर्नाटक व्यापार संवर्धन संगठन (केटीपीओ) में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष यह सम्मेलन आईटीबीटी सिटी बेंगलूरु में आयोजित किया जा रहा है।

सम्मेलन में 200 से अधिक नवाचारों और दस हजार लोगों के भाग लेने की उम्मीद है और अनुमान है कि 200 मिलियन से अधिक पूंजी नवाचार में प्रवाहित होगी। रंजीत कुमार अग्रवाल ने कहा कि तीन दिवसीय आईसीएआई स्टार्टअप स्फीयर सम्मेलन कार्यशाला, सेमिनार, अनुभव और ज्ञान का आदान-प्रदान, कौशल विकास और पहले से शुरू कर चुके लोगों और नए स्टार्टअप के लिए व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक पूर्व तैयारी पर सही जानकारी प्रदान करेगा।

इस मौके पर एमएसएमई और इनोवेशन कमेटी के चेयरमैन सीए धीरज कुमार खंडेलवाल, वाइस चेयरमैन सीए राज चावला, सीए अभय कुमार छाजेड़, आईसीएआई बेंगलूरु शाखा के चेयरमैन सीए प्रमोद आर हेगड़े, सेन्ट्रल कौंसिल सदस्य सीए कोथा एस श्रीनिवास, सीए गीता एबी, सीए कविता परमेश, आदि उपस्थित थे।

## अक्षम और अयोग्य गृह मंत्री की बर्खास्तगी की मांग : पी. राजीव

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। गुरुवार को वह भाजपा के प्रदेश कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महासचिव पी. राजीव ने मुख्यमंत्री से अक्षम और अयोग्य गृह मंत्री को तुरंत उनके विभाग से बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री पहले ऐसे अक्षम गृह मंत्री हैं जो इस प्रदेश ने कभी देखा। उनके शासन में अनेक हत्या के मामले और बलात्कार के मामले हुए हैं। डकैती भी हो रही है और कानून व्यवस्था भी खराब हो गयी है। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि इस सरकार के आने के बाद पुलिस विभाग सर्कुलर शब्द को भूल गया है।



उन्होंने सवाल किया कि पहले भी राज्य में कहीं कोई लूट या दुष्कर्म का मामला होने पर सभी पुलिस स्टेशनों को सर्कुलर भेजा जाता था। उन्हें गश्त बढ़ानी चाहिए; संदिग्धों की जाँच करें; वे सर्कुलर भेजते थे कि उपद्रवियों की परेड होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि नई सरकार आने के बाद पुलिस विभाग को सक्रिय होने के लिए एक भी सर्कुलर नहीं मिला है।

## निर्दलीय विधान परिषद चुनाव लड़ने पर पूर्व विधायक रघुपति भट्ट को भाजपा ने दिया नोटिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में दक्षिण-पश्चिम स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधान परिषद चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक रघुपति भट्ट को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को नोटिस जारी किया। विधान परिषद का चुनाव तीन जून को होगा। भाजपा के आधिकारिक उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ने के भट्ट के फैसले को पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करार देते हुए अनुशासनात्मक समिति के अध्यक्ष लिंगराज पाटिल ने उन्हें नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर समिति के समक्ष स्पष्टीकरण देने को कहा है।



बागी नेता कर्नाटक के दक्षिण-पश्चिम स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान पार्षद के टिकट की उम्मीद लगाये बैठे थे लेकिन पार्टी ने धनंजय सारजी को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया। भट्ट 2023 विधानसभा चुनाव में टिकट की आस लगाये बैठे थे लेकिन भाजपा ने उनके बजाए यशपाल सुवर्णा को चुनाव मैदान में उतारा था। सुवर्णा ने चुनाव में जीत हासिल की थी।



### सुझाव

बेंगलूरु के मल्लेश्वरम् स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय 'जगन्नाथ भवन' में भाजपा कार्यकर्ताओं से खुले तौर पर सुझाव प्राप्त करने के लिए एक 'सुझाव पेटी' लगाई गई। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा एवं प्रदेश महासचिव पी. राजीव सुझाव पेटी को देखते हुए। प्रदेशाध्यक्ष विजयेन्द्र ने पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों से भविष्य में पार्टी संगठन के और विस्तार के लिए रचनात्मक सुझाव देने का आह्वान किया गया।

### संवेदनाएं



मैसूर के यारागनहल्ली में गुरुवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने उस घर का दौरा किया जहां गैस रिसाव दुर्घटना में पूरे परिवार की मौत हो गई थी और उसका निरीक्षण किया। मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं और मृतक परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मौके पर मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवार को 12-12 लाख, घायलों को तीन-तीन लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया गया है।

# भाजपा विधायक हरीश पूंजा पूछताछ के लिए थाने पहुंचे, मिली जमानत

मंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक हरीश पूंजा अपने खिलाफ दर्ज दो मुकदमों में पूछताछ के लिए दक्षिण कन्नड़ जिले के बेल्थांगडी थाने में पेश हुए। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, पूंजा को थाने से ही जमानत दे दी गयी। पुलिस ने पूछताछ के लिए बुधवार शाम को भाजपा नेता को समन जारी किया था।

भाजपा विधायक के खिलाफ पहला मुकदमा अवैध उत्खनन के लिए गिरफ्तार किये गये पार्टी के एक कार्यकर्ता को रिहा करने के लिए पुलिस पर कथित रूप से दबाव बनाने के लिए दर्ज किया गया था जबकि दूसरा मुकदमा पहले मामले के विरोध में तालुका कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने से जुड़ा है। पूंजा 18 मई को शशिराज शेट्टी की रिहाई की मांग करते हुए बेल्थांगडी थाने में घुस गये थे; जिसके बाद उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 143 (अवैध सभा), 147 (दंगा करने), 341 (गलत तरीके से रोकने), 504 (उकसाने के लिए जानबूझकर अपमान करना) और 506 (आपराधिक मंशा) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पूंजा ने प्रदर्शन के दौरान स्थानीय पुलिस अधिकारियों व तहसीलदार के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार किया था और पुलिस अधीक्षक का मखौल उड़ाया था। हरीश पूंजा ने 22 मई की रात को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया और मुकदमों के संबंध में जवाब दिये। बाद में पूंजा को थाने से ही जमानत देकर रिहा कर दिया गया।

## बेंगलूरु के पांच-सितारा होटलों को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी साबित हुई

बेंगलूरु। शहर के तीन पांच-सितारा होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली लेकिन जांच के बाद यह फर्जी निकली। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि होटलों को कथित रूप से ईमेल से धमकी मिली है जिसके बाद व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया और धमकी फर्जी साबित हुई।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय : बेंगलुरु (पूर्व), #10 - ए, "चंद्रकिरण", कस्तूरबा रोड, बेंगलुरु-560 001
ई-मेल: pnd.robengalurueast@unionbankofindia.bank

**लीज /किराया पर परिसर की आवश्यकता है**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को बैंकिग प्रयोजन के लिए निम्न स्थान पर शाखा के लिए वाणिज्यक स्थल के मालिको से 10 - 15 वर्षो के लिए लीज /किराया आधार पर उपयुक्त परिसर की आवश्यकता है जो अधिमानित भूतल हो तथा अधिकार मे लेने को तैयार व वांछित बिजली एवं पार्किग सुविधा सहित हो:

| प्रस्थाविथ नवीन शाखा | बिजली | तल | कारपेट क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| हूदी - बीबीएमपी<br>होरामवु - बीबीएमपी<br>डिस्ट्रिक्ट बेंगलुरु ,कर्नाटक | 25-30 केवीए | अधिमानित भूमितल | 2000 वर्ग फीट ( + 10% ) |

अधिक विवरण के लिए कृप्या हमारे बैंक की वेब साइट www.unionbankofindia. bank या एनआईसी पोर्टल https://epublish.gov.in या हमारे कार्यालय से संपर्क कर सकते है निर्धारित प्रारूप में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 15.06.2024 ( अगला कार्य दिवस याधि निर्धारित तारिक अवकाश हो )को पूर्वाहन 3.00 बजे तक है।

**कृप्या दलाल / मध्स्थ सम्पर्क ना करें**

भविष्य में कोई भी संचार, शुद्धि पत्र, परिवर्तन यदि कोई होगा तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट पर ही डाला जायेगा। बैंक बिना कोई कारण बताये प्रस्ताव, स्वीकार या अस्वीकार करने तथा निविदा प्रक्रिया को रद्ध करने का अपना अधिकार रखता है।

स्थान- बेंगलुरू
दिनांक - 24.05.2024

हस्ताक्षर
उप महाप्रबंधक

# भीषण गर्मी से दो की मौत, लोगों को राहत देने के लिए किया पानी का छिड़काव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान में गर्मी का कहर जारी है। यह कहर आगे कुछ और दिन जारी रहने वाला है। कल से नौतपा की शुरुआत हो रही है। ऐसे में तापमान और ऊपर चढ़ने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, मौसम विभाग ने कल से प्रदेश के 22 जिलों में हीट वेव (लू) का रेड अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में गर्मी से मौत होने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। बालोतरा जिले निर्माणाधीन रिफाइनरी में भीषण गर्मी में काम कर रहे एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरे का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टर ने मजदूर की मौत गर्मी से होने की आशंका जताई है। इसी तरह अलवर में भी एक 30 साल के युवकी की गर्मी के कारण अचानक तबीयत बिगड़ गई, इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार बालोतरा की निर्माणाधीन रिफाइनरी में बुधवार को भीषण गर्मी में काम चल रहा था। पंजाब के अमृतसर जिला के रहने वाले एलएंडटी कंपनी के कर्मचारी शिंदर सिंह पुत्र श्रवण सिंह और यूपी के गाजीपुर निवासी सुरेश यादव पुत्र चंद्रमा यादव वेल्डिंग का काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और दोनों बेहोश हो गए। उन्हें एंबुलेंस की मदद से नाहटा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, इलाज के दौरान 41 साल के शिंदर सिंह की मौत हो गई। वहीं, श्रवणसिंह का इलाज चल रहा है।

अलवर शहर के वैशाली नगर थाना क्षेत्र की दुर्गा कॉलोनी में रहने वाले हेमंत जांगिड़ की गुरुवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। उल्टी होने के बाद वह बेहोश होकर गिर गया। परिजनों ने तत्काल उसे एक निजी डॉक्टर को दिखाया। लेकिन, गंभीर हालत होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ देर चले इलाज के बाद हेमंत की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि गर्मी के कारण उसकी मौत हुई है। हालांकि, डॉक्टरों की ओर से अब तक इस बात की पुष्टि नहीं की गई है।

प्रदेश के ज्यादातर जिलों में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। इससे लोगों को राहत देने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़कव किया जा रहा है। भरतपुर और भीलवाड़ा समेत अन्य जिलों में नगर निगम द्वारा सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया।

मौसम विभाग की चेतावनी है कि अगले 72 घंटों में अधिकतम तापमान में 3 डिग्री तक का इजाफा हो सकता है। अगले 5 दिनों तक राजस्थान में जबरदस्त हीट वेव चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। पूर्वी राजस्थान के कुछ जिले और पश्चिमी राजस्थान के ज्यादातर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, कल से सूर्य का संचरण रोहिणी नक्षत्र में होगा। जिसे नौतपा भी कहा जाता है। यानी अगले 9 दिनों तक गर्मी का प्रकोप और भी भीषण रहने वाला है। राज्य में पड़ रही गर्मी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते चौबीस घंटे में फलोदी में न्यूनतम तापमान ही 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा जालौर में 34.2 डिग्री सेल्सियस, कोटा में 33.6 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 33.3 डिग्री सेल्सियस, डूंगरपुर में 33.5 डिग्री सेल्सियस, जयपुर व बाड़मेर में 32.2 डिग्री सेल्सियस और भीलवाड़ा में 31.7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार राज्य के अधिकांश इलाकों में रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। राज्य में अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया जा रहा है।

## सरकार को रखनी चाहिए पूरी तैयारी : गहलोत

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि प्रदेश में जारी प्रचंड गर्मी एवं लू के मद्देनजर राज्य सरकार को किसी विपरीत परिस्थिति का सामना करने के लिए पूरी तैयारी रखनी चाहिए। गहलोत ने गुरुवार को सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया हैं। मौसम विभाग ने 25 और 26 मई का रेड अलर्ट जारी किया है। जिसमें कुछ जगह तापमान 50 डिग्री तक जा सकता है। ऐसे में लू और अधिक तापमान के कारण स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती है। उन्होंने लोगों से निवेदन किया हैं कि गर्मी से बचने की पूरी सावधानी अपनाएं। जरुरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलें एवं शरीर में हाइड्रेशन रखने के लिए पानी पीते रहे।



# शुभ्रा सिंह ने हीटवेव संबंधी व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह लू-तापघात को लेकर चिकित्सा प्रबंधन का जायजा लेने अचानक सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंची। हीटवेव को लेकर पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने अस्पताल प्रशासन को तत्काल कंटीजेंसी प्लान बनाने तथा 7 दिन में सभी व्यवस्थाएं सुचारू करने के निर्देश दिए। श्रीमती सिंह गुरूवार दोपहर करीब 1 बजे अचानक सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंची। उन्होंने वहां आपातकालीन इकाई, मेडिसिन वार्ड, बांगड़ परिसर एवं चरक भवन का दौरा कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। आपातकालीन इकाई में डक्टिंग प्लांट बंद होने एवं अन्य स्थानों पर कूलर, पंखे, एसी आदि क्रियाशील नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी एवं अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी को निर्देश दिए कि अस्पताल में अतिआवश्यक प्रकृति की सेवाओं के लिए तत्काल प्रभाव से कंटीजेंसी प्लान बनाएं एवं दो दिन के भीतर कूलर, पंखे, एसी, वाटर कूलर आदि को ठीक करवाएं। साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को सात दिन में सुचारू करें।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अस्पताल परिसर में रोगियों एवं परिजनों के लिए पेयजल तथा बैठने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों के उपचार को लेकर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने विद्युत उपकरणों का समय पर मेंटीनेंस नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। श्रीमती सिंह ने इस दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार सवाई मानसिंह अस्पताल में रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से संबद्ध एसएमएस अस्पताल सहित सभी अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्थाओं में सुधार के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, नोडल अधिकारी के माध्यम से 28 मई, 2024 तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं।

# कार में आग लगने से युवक जिंदा जला, दो अन्य घायल

जयपुर। राजस्थान के करौली जिले के मासलपुर थाना क्षेत्र में एक कार के पलटने के बाद उसमें आग लग गई जिसके कारण वाहन में सवार एक युवक जिंदा जल गया और दो अन्य घायल हो गये। पुलिस के बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार देर रात करौली-सरमथुरा मार्ग स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर मचानी गांव के निकट की है। मासलपुर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अनियंत्रित होने के कारण कार पलट गई और उसमें आग लग गई, जिसके कारण उसमें सवार मध्यप्रदेश निवासी अंकित द्विवेदी (28) की जिंदा जलने से मौत हो गई।

अधिकारी ने बताया, जब कार पलटी तो उसके दोनों गेट तथा एयरबैग खुल गए। वाहन में सवार दो अन्य युवक तो बाहर की तरफ गिर गये लेकिन पिछली सीट पर बैठा अंकित कार में फंसा रह गया। उन्होंने बताया कि दोनों घायल युवकों में से एक को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर किया गया है जबकि एक घायल के परिजन उसे ग्वालियर लेकर चले गये।

# अलवर में पानी के लिए मचा हाहाकार

अलवर। राजस्थान में अलवर शहर में गर्मी के चलते पानी की किल्लत से पानी को लेकर लोगों में हाहाकार मचा है। अलवर शहर में पानी की समस्या से आमजन इतना त्रस्त हो रहा है कि आए दिन कहीं न कहीं पानी की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन हो रहे हैं। शहरवासी एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। अधिकारियों का जवाब रहता है कि जैसे पानी उपलब्ध है उसी तरीके से पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि ज्यादा दबाव पड़ता है तो उस मोहल्ले में टैंकर से पानी भेज दिया जाता है। यहां ऐसे अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जिन्हें कॉलोनी और मोहल्ले में डाली पाइपलाइन का कोई अंदाजा नहीं है। एक बार अगर पानी के लिए कहीं खुदाई हो जाए तो उसे पाइपलाइन को 10 से 15 दिन तक ठीक नहीं करते।

इसके लिये जलदाय विभाग की लापरवाही एवं जन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता सीधे-सीधे जिम्मेदार हैं। हालत यह है कि पानी की मांग को लेकर कई बार पार्षद और महिलाएं पानी की टंकी ऊपर चढ़कर आत्महत्या तक की चेतावनी दे चुके हैं, लेकिन अधिकारियों के कान के जूं भी नहीं रेंग रही है। अलवर शहर में लाइन जोड़ने को लेकर भी आए दिन झगड़े हो रहे हैं। पुलिस भी मौके पर नहीं पहुंचती है। वैसे देखा जाए तो अलवर शहर में पानी की समस्या इतनी नहीं है जितना अधिकारियों ने इसको बना दिया गया है। वीआइपी कॉलोनी में लगातार पानी आ रहा है। कई घरों में बोरिंग लगी हैं जो पानी का लगातार दोहन करते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के घर पानी की ऐसी समस्या नहीं है। अलवर शहर के पार्षदों के सामने भी पानी की समस्या नहीं है, लेकिन पार्षद आमजन के लिए आंदोलन करने उनके साथ आते हैं।

# करौली जिले में जली हुई हालात में मिली मूक बधिर नाबालिग लड़की की जयपुर में उपचार के दौरान मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के करौली जिले के नई मंडी थाना क्षेत्र में अपने घर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में जली हुई अवस्था में मिली नाबालिग मूक-बधिर लड़की की एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना पर विपक्षी कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने महिलाओं के खिलाफ अपराध पर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

पुलिस के अनुसार नाबालिग लड़की की लगभग 10 साल की थी। करौली जिला पुलिस अधीक्षक ब्रजेश उपाध्याय ने बुधवार को बताया कि घटना नौ मई की नई मंडी थाना क्षेत्र के मोती नगर गांव की है जहां मूक बधिर लड़की लगभग 60 प्रतिशत जली हुई अवस्था में मिली थी। यह घटना उसके घर से करीब 150 मीटर की दूरी पर हुई थी। उन्होंने कहा कि लड़की को उसी दिन उपचार के लिये जयपुर के एसएमएस अस्पताल भेजा गया था एवं गंभीर रूप से जलने के कारण 20 मई को उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ की मदद से लड़की के बयान दर्ज किए गए। उनके अनुसार लड़की को कुछ संदिग्धों लोगो की तस्वीरें दिखाई गईं जिसमें उसने एक आदमी की ओर इशारा किया। उपाध्याय का कहना है कि लडकी ने जिस व्यक्ति की ओर इशारा किया था उसी के खेत के पास वह मिली थी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में उस व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है, हालांकि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि लड़की ने किसी भी तरह के यौन उत्पीड़न का संकेत नहीं दिया है और चिकित्सकों की भी राय है कि लड़की के साथ कोई यौन उत्पीड़न नहीं हुआ है। हालांकि, तथ्यों का पता लगाने के लिए मामले की जांच की जा रही है और एसआईटी गठित करने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आशंका है कि वह करंट लगने से झुलस गई, क्योंकि जहां बच्ची जली हुई मिली थी वहां ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। पुलिस महानिरीक्षक (भरतपुर) राहुल प्रकाश ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार फिलहाल लडकी के साथ दुष्कर्म की कोई बात सामने नहीं आई है। उन्होंने आज घटनास्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक कर जांच में प्रगति पर चर्चा की।

मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। नई मंडी थानाधिकारी रामनिवास यादव ने बताया कि बच्ची की त्वचा के नमूने और कपड़ों के नमूने एफएसएल जांच के लिए भेजे गए हैं। इस बीच मामले को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। डोटासरा ने 'एक्स' पर लिखा, टोडाभीम में नाबालिग मूक बधिर बच्ची से दरिंदगी और हत्या की वीभत्स घटना सभ्य समाज पर कलंक एवं अत्यंत कष्टदायक है। उन्होंने कहा, 10 साल की बच्ची दरिंदगी के बाद बुरी तरह झुलसी हुई मिली लेकिन भाजपा की असंवेदनशील सरकार सोती रही। डोटासरा ने कहा, शर्म की बात है कि प्राथमिकी दर्ज होने के 10 दिन बाद भी पुलिस ने कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा क्या यही नारी सुरक्षा है, क्या ऐसे बेटियों को न्याय दिलाएगी भाजपा?




# प्रमुख शासन सचिव की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की बैठक का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव पशुपालन विभाग विकास एस भाले की अध्यक्षता में बुधवार को पशुपालन निदेशालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभागीय गतिविधियों और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख शासन सचिव भाले ने मत्स्य पशुपालन, गोपालन एवं डेयरी विभाग को निर्देश दिए कि स्थानांतरण संबंधी अपने प्रस्ताव का प्रारूप एक सप्ताह में तैयार कर प्रशासनिक विभाग को भिजवा दें ताकि स्थानांतरण पॉलिसी का अनुमोदन मंत्रालय स्तर से प्राप्त किया जाकर प्रशासनिक सुधार को भिजवाया जा सके।

उन्होंने सभी विभागों को अपने अपने प्रस्तावों की आवश्यकता के अनुरूप सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के साथ मिलकर ऑनलाइन पोर्टल बनाने के भी निर्देश दिए।

भाले ने कहा कि सभी विभाग अपने विकसित राजस्थान 2047 के प्रस्ताव को अंतिम रूप देने से पहले पशुपालकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विभिन्न बोर्ड, विभाग, राजूवास, डेयरी आदि के प्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावों पर सात दिनों में चर्चा कर उनके सुझावों को भी विकसित राजस्थान 2047 के प्रस्ताव में शामिल करें। उन्होंने विभाग के कार्मिकों की लंबित डी. पी. सी. को भी आगामी एक महीने में आयोजित करने के निर्देश विभाग प्रमुखों को दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि डार्क जोन और हार्ड एरिया का निर्धारण करते समय वहां पर अधिक संख्या में रिक्त रहने वाले पदों की स्थिति, विषम परिस्थितियों और विभाग द्वारा निर्धारित अन्य मापदण्डों का ध्यान रखा जाना चाहिए।



# बुद्ध पूर्णिमा पर आराध्य देव गोविंद देवजी को कराया जल विहार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 23 मई से ज्येष्ठ पूर्णिमा के 12 दिन ठाकुरजी को जल विहार करवाया । रियासत कालीन चांदी के फव्वारे से ठाकुर जी को शीतलता प्रदान की । इस दौरान ठाकुरजी को सूती धोती धारण कराई । खास बात यह है कि कुछ साल पूर्व तक वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से एक महीने तक जलविहार की झांकी होती थी, जिसमें एक घंटे भगवान को जलविहार कराया जाता था। लेकिन अब भक्तों को पानी बचाने का संदेश देते हुए विशेष तिथि और उत्सव पर ही जलविहार की झांकी सजेगी। इसका समय भी एकादशी और ज्येष्ठाभिषेक के अलावा महज 15 मिनट निर्धारित किया गया है। दोपहर 12:30 से 12:45 बजे तक ठाकुरजी की जल यात्रा निकाली । ठाकुर जी के जलयात्रा उत्सव का जल मंदिर के पीछे जय निवास उद्यान की ओर छोटे नाले से निकलता है। लोग नाले के नीचे बैठकर स्नान करते हैं और इस जल को बोतल में भरकर घर ले जाते हैं।

जलयात्रा के दौरान तरबूज, आम, जामुन, लीची, फालसे सहित अन्य ऋतु फल अर्पित किए । वहीं, खस और गुलाब के शरबत का भी भोग लगाया जाएगा। ठाकुर जी को दक्षिण भारत से मंगवाए गए चंदन का लेप कर रियासत कालीन चांदी के फव्वारे से शीतलता प्रदान की । ठाकुरजी को ये सेवा 22 जून ज्येष्ठाभिषेक तक की।

# माकपा ने दलित युवक की हत्या के मामले में 50 लाख का मुआवजा एवं नौकरी की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के बलौदा गांव में शराब माफियाओं द्वारा दलित युवक की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए इस मामले में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा एवं एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। माकपा के राज्य सचिव अमराराम चौधरी ने गुरुवार को राज्य सरकार से यह मांग की। अमराराम ने अपने बयान में कहा कि आश्चर्य की बात है कि गत 14 मई को हुए इस जघन्य हत्याकांड पर पुलिस ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की, दलित युवक को बेरहमी से पीटने का वीडियो वायरल होने के बाद वह हरकत में आई जबकि इस हत्याकांड के दोषी कोई नये नहीं है, हिस्ट्रीशीटर हैं, जो गांव में अपना खौफ पैदा करने के लिए बेकसूर लोगों के साथ आये दिन मारपीट करते रहते है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस घटना में लिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाये। वायरल वीडियों में दलित युवक के साथ मारपीट कर रहे युवकों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। घटना के पीछे मुख्य

## राजस्थान आवासन मंडल को दिया गया एक लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य

जयपुर। राजस्थान आवासन मण्डल अध्यक्ष टी रविकांत ने बताया हैं कि आवासन मंडल को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य दिया गया हैं। रविकांत ने गुरुवार को मंडल के बोर्ड कक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीकी युग है, ऐसे में मंडल को भी तकनीकों का उपयोग कर कार्यों को जल्द और समय पर पूरा करना चाहिए। चाहे योजनाओं के दौरान दिए जाने वाले मुआवजे के रूप में पट्टे हों या ई-नीलामी हो, हर तरह के कार्य के लिए मंडल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तकनीक का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर आमजन की आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए। उन्होंने सजग एप से कार्यों की प्रगति और उसके अनुसार किए जा रहे भुगतान के बारे में भी फीडबैक लिया।

# निरीह पशु पक्षियों को लू और ताप से राहत दिलाने के करें प्रयास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। प्रमुख शासन सचिव पशुपालन एवं गोपालन विकास एस भाले ने गुरुवार को गोपालन विभाग में मिशन सन-रक्षण 24 की शुरुआत की। भाले ने इस अवसर पर कहा कि गौवंश एवं पक्षियों को लू और तापघात से बचाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरु किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में हीट वेव चल रही है। मानसून के आने तक इससे राहत की कोई सूरत भी नजर नहीं आती। ऐसे में आदमियों ने तो अपने लिए उपाय कर लिए हैं पर इस क्रम में जो कार्बन का उत्सर्जन होता है उसका दंश मासूम पशु पक्षियों को झेलना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि हम इन निरीह पशु पक्षियों को लू और ताप के इस वातावरण से कुछ राहत दिला सकें। इसी बात को आधार बनाकर आज यह अभियान लाँच किया गया है। इस अभियान की शुरुआत पूरे राजस्थान में एक साथ की जा रही है। भाले ने कहा कि यह एक छोटी सी शुरुआत है। इसमें बहुत ज्यादा खर्च नहीं है पर आत्मसंतुष्टि है। इसे हर व्यक्ति अपने स्तर पर शुरू कर सकता है। यह एक तरह से परोपकार का काम है। उन्होंने मीडियाकर्मियों द्वारा इस अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की ताकि लोगों में जागरूकता आ सके और बड़ी संख्या में लोग इस अभियान से जुड़ सकें।

इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ भवानी सिंह राठौड़ ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में पशु पक्षियों का संरक्षण हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के बाद नौतपा शुरू हो जाता है इसलिए आज बुद्ध पूर्णिमा का दिन इस अभियान की शुरुआत के लिए बहुत अच्छा दिन है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सब लोग अपने अपने घरों में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करें।

गोपालन विभाग की निदेशक श्रीमती शालिनी शर्मा ने बताया कि यह अभियान आज पूरे राजस्थान में एक साथ शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत पंजीकृत गौशालाओं में पशुओं के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था और पक्षियों के लिए परिंडे एवं दाना इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने बताया कि आज पशुपालन एवं गोपालन विभाग के समस्त जिला स्तरीय कार्यालयों में भी परिंडे लगवाए गए और मिशन सन- रक्षण में अपना योगदान दिया गया। प्रमुख शासन सचिव ने इस अवसर पर गोपालन निदेशालय द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका गौपालक वाणी का विमोचन भी किया। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस अवसर पर भाले ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

# कांग्रेस इस बार 40 सीटें भी नहीं जीतेगी, सपा को चार भी नसीब न होंगी : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सिद्धार्थ नगर/संत कबीर नगर/आंबेडकर नगर (उप्र)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के शुरुआती पांच चरणों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 310 सीटें मिलने का दावा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इस बार कांग्रेस 40 सीटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पायेगी और समाजवादी पार्टी (सपा) को चार सीटें भी नसीब नहीं होंगी।

शाह ने सिद्धार्थ नगर, संत कबीर नगर और आंबेडकर नगर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने डुमरियागंज से निवर्तमान सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार जगदम्बिका पाल के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा में दावा किया, ''लोकसभा चुनाव के शुरुआती पांच चरणों में मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) 310 सीटें जीत चुके हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का सूपड़ा साफ हो गया है।''

गृह मंत्री ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस इस बार 40 सीटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश जी (सपा प्रमुख अखिलेश यादव) को चार सीटें भी नसीब नहीं होंगी।

शाह ने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सहयोगी निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद के बेटे प्रवीण कुमार निषाद के समर्थन में संत कबीर नगर के खलीलाबाद में एक चुनावी रैली को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर अपने परिवार के सदस्यों के लिए काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''लालू प्रसाद यादव अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, उद्धव ठाकरे अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, मंत्री शरद पवार अपनी बेटी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, स्टालिन अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं।''

शाह ने सवाल किया, ''जो व्यक्ति अपने बेटे, बेटी और रिश्तेदार के लिए काम करता है क्या वह संतकबीरनगर की जनता के लिए काम करेगा? देश की 130 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परिवार है और वह उनका काम कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि एक तरफ राहुल गांधी हैं जो छुट्टी मनाने इटली, थाईलैंड और बैंकॉक जाते हैं और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी हैं जिन्होंने 23 साल से कोई छुट्टी नहीं ली है और वह तो अपनी दीपावली भी सीमा पर सैनिकों के साथ मनाते हैं।



## ओडिशा में 'डबल इंजन' सरकार बनी तो माफिया के खिलाफ चलेगा बुलडोजर : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि ओडिशा में ''डबल इंजन'' की सरकार बनी तो माफिया के खिलाफ बुलडोजर चलाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 20-25 वर्षों के दौरान ''अफसर राज'' ने ''ओडिशा को 50 वर्ष पीछे धकेल दिया है।'' उन्होंने सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) पर राज्य में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया।

पुरी लोकसभा सीट के तहत चिल्का विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, आदित्यनाथ ने कहा, ''हमें ओडिशा में डबल इंजन सरकार बनाने की ताकत दें ताकि हम उत्तर प्रदेश की तरह जमीन, रेत, जंगल और मवेशी माफिया पर बुलडोजर चलाकर रास्ता साफ कर सकें।'' उन्होंने कहा, ''बीजद सरकार नौकरशाही से घिरी हुई है और जब नौकरशाही किसी सरकार को घेरती है, तो यह तानाशाही को जन्म देती है। तब भ्रष्टाचार बढ़ता है, गरीबों का शोषण होता है और प्रशासन ध्वस्त हो जाता है।'' ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के सहयोगी और नौकरशाह से बीजद नेता बने वी के पांडियन का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ''एक अधिकारी को इतनी स्वतंत्रता नहीं दी जानी चाहिए कि वह सरकार को नियंत्रित करना शुरू कर दे। केवल निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को ही राज्य पर शासन करना चाहिए, जो एक स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है।''

## आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा ने राहुल, ममता को घेरा, 'इंडिया' गठबंधन पर तुष्टीकरण का लगाया आरोप



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरक्षण के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को 'इंडिया' गठबंधन पर ताजा हमला करते हुए विपक्षी समूह पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया और कहा कि देश के लोग लोकसभा चुनाव में उसे करारा जवाब देंगे।

भाजपा का यह आरोप पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी के उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह राज्य में कई वर्गों के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के दर्जे को रद्द कर देने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को 'स्वीकार नहीं करेंगी'। उनकी टिप्पणियों पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान ने कहा, ''तुष्टीकरण कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों की खुराक और आहार है। इसके बिना, वे एक दिन भी जीवित नहीं रह सकते।'' मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में सत्ता संभालने के बाद बनर्जी ने वोट बैंक की राजनीति की और कई जातियों को ओबीसी प्रमाणपत्र दिए और इसके लाभार्थियों में मुस्लिम, बांग्लादेशी और रोहिंग्या शामिल हैं। उन्होंने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय का बुधवार को आया फैसला बनर्जी के वोट बैंक की राजनीति पर करारा तमाचा है।'' कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में 2010 से कई वर्गों को दिए गए ओबीसी दर्जे को अवैध करार दिया। अदालत ने कहा कि सूची में मुसलमानों के 77 वर्गों को शामिल करना उन्हें वोट बैंक के रूप में मानने के लिए था। इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए बनर्जी ने कहा कि वह आदेश को 'स्वीकार नहीं करेंगी' और इसे ऊपरी अदालत में चुनौती देंगी।

## निर्वाचन आयोग का पर्दाफाश हुआ, सत्तापक्ष की तरफ झुकाव का मतलब लोकतंत्र खतरे में : कांग्रेस



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्वाचन आयोग के पत्र तथा मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत डेटा वेबसाइट पर डालने से आयोग के इनकार का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इस संवैधानिक संस्था के कदम भर्त्सना योग्य हैं तथा इससे उसका पर्दाफाश होता है।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग जैसी संस्था सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ इस तरह से झुक जाएगी तो इसका यह मतलब है कि लोकतंत्र खतरे में है। निर्वाचन आयोग ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत डेटा को बिना सोचे-समझे जारी करने'' और वेबसाइट पर पोस्ट करने से चुनावी मशीनरी में भ्रम की स्थिति पैदा हो जाएगी, जो इस समय लोकसभा चुनाव में व्यस्त है। आयोग ने कहा एक मतदान केंद्र में डाले गए वोटों की संख्या बताने वाले फॉर्म 17सी का विवरण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता और और इससे पूरे चुनावी तंत्र में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है क्योंकि इससे तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही, निर्वाचन आयोग ने बुधवार को सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें लोकसभा चुनाव में जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी और कहा कि चुनावों में देश के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी सकती।

## विपक्ष सीएए पर लोगों को गुमराह कर रहा है: त्रिपुरा भाजपा



**अगरतला/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की त्रिपुरा इकाई ने विपक्ष पर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह कानून उन क्षेत्रों में लागू नहीं किया जाएगा जहां छठी अनुसूची और इनर लाइन परमिट (आईएलपी) लागू है। कांग्रेस की आदिवासी इकाई ने विवादास्पद कानून के कार्यान्वयन पर चिंता व्यक्त करते हुए त्रिपुरा के मुख्य सचिव जेके सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने भी इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की। प्रदेश भाजपा प्रमुख राजीब भट्टाचार्य ने संवाददाताओं से कहा, विपक्षी दल सीएए को लेकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं... यह कानून पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के कारण भागकर आए अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के बारे में बहुत स्पष्ट है। उन्होंने कहा, यह अधिनियम उन क्षेत्रों में लागू नहीं किया जाएगा जहां छठी अनुसूची और इनर लाइन परमिट (आईएलपी) लागू है। भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि अगर राज्य में यह कानून लागू किया जाता है तो इससे पूर्वोत्तरी राज्य के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उन्होंने कहा, हम सीएए का विरोध करने के विपक्षी दलों के कदम की कड़ी निंदा करते हैं... हम लोगों से अपील करते हैं कि वे उनके नकारात्मक प्रचार से गुमराह न हों। भाजपा नीत गठबंधन सरकार में घटक टिपरा मोथा ने स्पष्ट कर दिया है कि वह दूसरे देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने और उन्हें त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला (टीटीएएडीसी) के इलाके में बसाने के किसी भी कदम का कड़ा विरोध करेगी।

## आप मेरे बुजुर्ग और बीमार माता-पिता को क्यों निशाना बना रहे हैं : प्रधानमंत्री से केजरीवाल ने कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनके बुजुर्ग एवं बीमार माता-पिता को उन्हें 'तोड़ने' के लिए निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसा करके ''सारी हदें पार कर दी हैं''।

आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके पास प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक संदेश है। उन्होंने कहा, ''मेरे पास प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक संदेश और अपील है। आपने मेरे विधायकों को गिरफ्तार किया लेकिन मैं नहीं टूटा। आपने मेरे मंत्री को गिरफ्तार कर लिया लेकिन आप मुझे झुका नहीं सके। आपने मुझे गिरफ्तार किया और जेल में मुझे परेशान किया गया।'' दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया था, और अभी वह जमानत पर हैं। केजरीवाल ने कहा, लेकिन आज तो आपने सारी हदें पार कर दीं। मुझे तोड़ने के लिए आपने मेरे बुजुर्ग एवं बीमार माता-पिता को निशाना बनाया।

## राजनीति में भी जलवायु परिवर्तन की चर्चा जोरों पर है : अखिलेश यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**प्रतापगढ़ (उप्र)/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 143 सीट भी मुश्किल से मिलने का दावा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राजनीति में भी जलवायु परिवर्तन की चर्चा जोरों पर है।

यादव ने प्रतापगढ़ में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''जलवायु परिवर्तन के मुद्दे की तरह राजनीति में भी जलवायु परिवर्तन पर चर्चा जोर पकड़ रही है। देश की 140 करोड़ जनता के कारण भाजपा को विपक्ष के हाथों 400 सीट का नुकसान होगा। उसे 543 सीट वाली संसद में 143 सीट भी मुश्किल से मिलती दिखाई दे रही हैं।'' उन्होंने कहा, ''सत्तारूढ़ दल के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश में सातवें चरण के मतदान तक लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर होगा।''

सपा अध्यक्ष ने कहा, ''इससे पहले मैंने कहा था कि भाजपा क्योटो वाली (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाराणसी सीट) को छोड़कर सभी सीट हारने जा रही है, लेकिन समय के साथ ऐसा लगता है कि यह सीट भी उनके हाथ से फिसल रही है। भाजपा को उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट पर हार मिलने वाली है।'' उन्होंने कहा कि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) में शामिल सपा और कांग्रेस 'एक और एक 11' हो गए हैं जिससे 'दिल्ली वालों' (केंद्र सरकार) के लिए तनाव पैदा हो गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अखिलेश और राहुल गांधी को ''शहजादे'' कहे जाने पर सपा अध्यक्ष ने कहा, ''हम उन्हें शह भी देंगे और मात भी देंगे।''

जीआईसी मैदान में आयोजित रैली के लिए खासी भीड़ उमड़ी थी और कई युवा तंबू में लगी बल्लियों पर लटके दिखाई दिये।

यादव ने मजाकिया लहजे में कहा कि इन युवाओं में शारीरिक परीक्षा पास करने और सशस्त्र बल में नौकरी पाने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव के बाद केन्द्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनी तो अग्निवीर योजना को खत्म करके फौज में पक्की नौकरी दी जाएगी।

मंच पर कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना और उनके पिता प्रमोद तिवारी भी मौजूद थे।

## अनुचित तरीके से निशाना बनाया गया, भाजपा का कारण बताओ नोटिस हतोत्साहित करने वाला : जयंत सिन्हा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** चुनाव प्रचार में हिस्सा नहीं लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नोटिस पर पार्टी सांसद जयंत सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें ''अनुचित तरीके से निशाना बनाया गया'' और नोटिस उनके जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित करने जैसा है।

सिन्हा ने कारण बताओ नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने दो मार्च को ही भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को सूचित कर दिया था कि वह चुनावी जिम्मेदारियां नहीं निभा पाएंगे क्योंकि वह वैश्विक जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। हजारीबाग के सांसद ने यह भी कहा कि पार्टी का यह आरोप लगाना गलत है कि उन्होंने 20 मई को अपना वोट नहीं डाला। सिन्हा ने कहा कि उन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था और मतदान के दिन देश में नहीं थे।

## सांप्रदायिक आधार पर राजनीति करने वालों को चुनाव के बाद बंगाल से बाहर कर दिया जाएगा : अभिषेक



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता चुनाव के बाद सुनिश्चित करेगी कि सांप्रदायिक आधार पर विभाजनकारी राजनीति करने वालों को राज्य से बाहर कर दिया जाए।

पश्चिम बंगाल के जादवपुर लोकसभा क्षेत्र के भांगड़ में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि अबतक हुए पांच चरण के चुनाव में बंगाली विरोधी ताकते हार रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन ताकतों को आखिरी झटका एक जून को अंतिम चरण के मतदान के बाद लगेगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए तृणमूल महासचिव ने संकल्प लिया, ''हम सुनिश्चित करेंगे कि जो अशांति पैदा करने के लिए सांप्रदायिक और विभाजनकारी राजनीति को बढ़ा दे रहे हैं उनका पश्चिम बंगाल में कोई राजनीतिक आधार नहीं हो। निरंकुश (प्रधानमंत्री)नरेन्द्र मोदी केंद्र की सत्ता से बेदखल होंगे।''

## भारत में मोटोजीपी रेस को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने कदम उठाया

**नई दिल्ली/भाषा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत में मोटो ग्रां प्री रेस को बचाने के लिए कदम उठाया है और चैम्पियनशिप अधिकार हासिल करने वाले डोर्ना को आश्वासन दिया है कि इस सप्ताह के अंत तक सभी वित्तीय दायित्वों को पूरा कर दिया जायेगा। इस महीने की शुरुआत में एक प्रमुख मोटरस्पोर्ट पत्रिका ने बताया था कि डोर्ना को आंशिक बकाया राशि का भुगतान नहीं किये जाने के कारण कैलेंडर से भारत में होने वाली रेस को हटाया जाना था लेकिन स्थानीय रेस प्रमोटर फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स ने इसे एक सिरे से खारिज कर दिया।

2023 में शुरुआती चरण में मुख्य रेस प्रायोजक उत्तर प्रदेश सरकार अब फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स के साथ रेस की प्रमोटर बन गई है और अब यह सुनिश्चित करना चाहती है कि भारतीय ग्रां प्री सितंबर में ही हो जैसा कि मोटोजीपी वेबसाइट पर जिक्र किया गया है।

डोर्ना को आधिकारिक ईमेल पर राज्य सरकार की निवेश शाखा 'इन्वेस्ट यूपी' ने इस हफ्ते के अंत तक सभी जरूरी मंजूरी देने का वादा किया है। डोर्ना के साथ करार के अंतर्गत सरकार और फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स रेस की फीस का बोझ साझा करेगी।

## जब निराश थे तो हमने आत्मसम्मान के लिए खेलना शुरू किया : कोहली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु/भाषा।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बुधवार को यहां एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से हारने के बाद विराट कोहली ने कहा कि जब लगातार मैच गंवाने से खिलाड़ी निराश थे तो उन्होंने आत्मसम्मान के लिए खेलना शुरू किया और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के प्लेऑफ में जगह बनाने में सफलता हासिल की।

आरसीबी ने अपने पहले आठ में से सात मैच गंवा दिये थे लेकिन अगले छह मैच में शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की जिसमें गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रोमांचक अंतिम लीग मैच भी शामिल रहा जिसकी बदौलत टीम ने प्लेऑफ स्थान हासिल किया। एलिमिनेटर में उसकी भिड़ंत राजस्थान रॉयल्स से तय हुई। कोहली ने अहमदाबाद में राजस्थान रॉयल्स से एलिमिनेटर में चार विकेट की हार के बाद टीम के साथियों के साथ 'ड्रेसिंग रूम चैट' में कहा, ''हमने खुद को अभिव्यक्त करना शुरू किया, अपने सम्मान के लिए खेलना शुरू किया और हमारा आत्मविश्वास भी वापस आ गया। '' उन्होंने कहा, ''हमने जिस तरह से चीजें बदली और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया, यह वास्तव में विशेष था। यह ऐसी चीज है जिसमें मैं हमेशा याद रखूंगा क्योंकि इस टीम के प्रत्येक सदस्य ने इसके लिए शानदार जज्बा दिखाया। हमें इस पर फक्र है। और अंत में हम वैसा ही खेले जैसा हम खेलना चाहते थे। ''

आरसीबी ने एलिमिनेटर में आठ विकेट पर 172 रन का स्कोर बनाया और राजस्थान रॉयल्स ने यह लक्ष्य 19 ओवर में छह विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि इतनी शानदार वापसी के बाद उम्मीद आगे तक जाने की थी। डुप्लेसी ने कहा, ''अंतिम छह मैच वास्तव में काफी विशेष रहे जिसमें चीजें काफी तेजी से बदलीं। जब आप कुछ विशेष करते हैं तो आपकी उम्मीद होती है कि इससे भी ज्यादा विशेष किया जाये। '' उन्होंने कहा, ''सत्र तब आधा हुआ था तो हम काफी निराश थे। लेकिन एक बार लय हासिल की तो हम इसके साथ ही खेलते रहे। दुखद है कि बतौर टीम हम ट्राफी हासिल करने के लिए अंतिम दो कदमों से पहले बाहर हो गई। लेकिन अगर मैं सत्र को देखता हूं तो हम जहां पर थे और जहां पर हमने अपना अभियान खत्म किया, उससे मुझे टीम के लड़कों पर फक्र है। ''

## मलेशिया मास्टर्स: सिंधू ने कड़े मुकाबले में यू जिन को हराया, अश्मिता भी क्वार्टर फाइनल में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कुआलालंपुर/भाषा।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां कड़े मुकाबले में कोरिया की सिम यू जिन को हराया लेकिन दिन का आकर्षण अश्मिता चालिहा रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में तीसरी वरीय बेइवेन झेंग को हराकर उलटफेर करते हुए मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने कोरिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी यू जिन को महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 59 मिनट में 21-13 12-21 21-14 से हराया। यू जिन के खिलाफ सिंधू की यह तीसरी जीत है।

पिछले साल अक्टूबर में लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए हैदराबाद की 28 साल की सिंधू शीर्ष फॉर्म हासिल करने में नाकाम रही है। पांचवीं वरीय सिंधू अगले दौर में शीर्ष वरीय हेन युई से भिड़ेंगी। चीन की इस खिलाड़ी ने पिछले महीने निंग्बो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधू को हराया था। पिछला खिताब 2022 में सिंगापुर ओपन में जीतने वाली सिंधू का दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा है। भारतीय खिलाड़ी ने हेन युई के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता ने इसके बाद दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी झेंग को तीन गेम में 21-19 16-21 21-12 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अश्मिता ने दूसरी बार किसी सुपर 500 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले वह 2022 में इंडिया ओपन के भी अंतिम आठ में पहुंची थी। गुवाहाटी की यह खिलाड़ी अगले दौर में चीन की छठी वरीय और दुनिया की 16वें नंबर की खिलाड़ी झेंग यी मेन से भिड़ेगी। अश्मिता पिछले कुछ समय से अच्छी लय में हैं।

## सुविचार

**जिन्दगी काँटों का सफ़र है, हौंसला इसकी पहचान है, रास्ते पर तो सभी चलते है, जो रास्ते बनाए वही इंसान है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# इतिहास से सीखें

प्राचीन काल के युद्धों और रणनीतियों पर आधारित भारतीय सेना का 'प्रोजेक्ट उद्भव' देश की सैन्य क्षमताओं को बेहतर बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमें अपने इतिहास से सीखना चाहिए, उसके अनुभवों का उपयोग करना चाहिए। हमें ब्रिटिश साम्राज्यवाद के दौर में जो इतिहास पढ़ाना शुरू किया गया, उसमें साजिशन बार-बार इस बात पर जोर दिया गया कि विदेशी आक्रांता बड़े बहादुर थे और युद्धकला से संबंधित हमारा कोई इतिहास ही नहीं है! जबकि यह सरासर झूठ है। रामायण, महाभारत जैसे ग्रंथों में युद्ध, उसके उद्देश्यों, घोषणाओं, तरीकों आदि के बारे में बहुत विस्तार से वर्णन मिलता है। 'चक्रव्यूह' जैसी रणनीति के बारे में अध्ययन करें तो पता चलता है कि इसकी रचना करने वाले कितने बड़े योद्धा थे! हनुमानजी का आकाश मार्ग से जाना, लंका-दहन करना ... इन सब घटनाओं पर काफी अनुचित टीका-टिप्पणियां की गईं, लेकिन यह एयर स्ट्राइक का शानदार उदाहरण था। महान उद्देश्य के लिए जाने वाले गुप्तचर के सामने कैसी बाधाएं आती हैं, शत्रु के क्षेत्र में कैसे प्रवेश करना चाहिए, अगर वहां कार्रवाई करने की जरूरत पड़ जाए तो कैसे करनी चाहिए, वहां सज्जन और दुर्जन के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए ... यह सब जानना हो तो सुंदरकांड पढ़ना चाहिए। वहां इन सभी सवालों के जवाब हनुमानजी से मिल जाएंगे। शासक वर्ग को किस तरह सावधान रहना चाहिए, अगर शत्रु अचानक मधुर व्यवहार करने लग जाए तो उससे क्या समझना चाहिए, संकट टालने में गुप्तचरों की क्या भूमिका होती है ... यह जानना हो तो महाभारत में वर्णित लाक्षागृह प्रकरण जरूर पढ़ना चाहिए।

आज पाकिस्तान, अमेरिका, चीन समेत कई देशों की खुफिया एजेंसियां हनीट्रैप के जरिए दूसरों के राज़ हासिल करने की कोशिशें कर रही हैं। पिछले दो-ढाई वर्षों से सोशल मीडिया पर इसकी काफी चर्चा हो रही है। प्राय: लोगों को लगता है कि यह जासूसी करने का कोई नया तरीका है, लेकिन ऐसी बात नहीं है। हमारे ग्रंथों में इसका स्पष्ट वर्णन मिलता है। 'मायावी' शक्तियों द्वारा रूप बदलने, किसी को रिझाने, लुभाने, धोखे में डालने जैसे कार्य प्राचीन काल में भी होते थे। इनसे बचने के लिए दृष्टि पर नियंत्रण, मन पर नियंत्रण जैसी कई सावधानियों और शिक्षाओं का उल्लेख हमारे ग्रंथों में मिलता है। सुरक्षा बलों और अस्त्र-शस्त्र के अनुसंधान से जुड़े कर्मचारियों-अधिकारियों को उनके बारे में कुछ जानकारी जरूर होनी चाहिए, ताकि वे शत्रु देशों के जाल में कभी न फंसें। हमें अपने इतिहास से अनभिज्ञ नहीं रहना चाहिए। उसके जो अध्याय हमारे पराक्रम, शौर्य और विजय की गाथा गाते हैं, उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके साथ ही उन अध्यायों से सबक लेने से पीछे नहीं रहना चाहिए, जो हमारी कमियां और गलतियां बताते हैं। यह एक कड़वी हकीकत है कि इतने महान योद्धाओं का देश होने के बावजूद हम पर ऐसे-ऐसे विदेशी आक्रांताओं ने शासन किया, जिनकी हैसियत मामूली लुटेरों से ज्यादा कुछ नहीं थी। हमने आक्रांताओं को शिकस्त देकर उन्हें माफ भी किया, लेकिन जब उनका दांव लगा तो उन्होंने हम पर जुल्म-ज्यादती करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आक्रांताओं ने हमारे वैभव को तो चोट पहुंचाई ही, वे आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने से भी पीछे नहीं रहे थे। हमारे पूर्वजों की आंखों के सामने काबुल और कंधार हमसे 'दूर' चले गए। लाहौर, कराची, पेशावर जैसे शहरों का हमसे छिन जाना कल की बात है। जिन हिंगलाज और ढाकेश्वरी माता के दर्शन के लिए हमारे दादा-परदादा बेरोक-टोक जा सकते थे, आज वहां जाने के लिए हमें वीजा-पासपोर्ट की जरूरत पड़ती है। जिस शारदा पीठ में मां सरस्वती की वंदना के लिए मधुर मंत्र गूंजते थे, आज वहां (पीओके) खूंखार आतंकवादी दनदना रहे हैं। यह 'बदलाव' रातोंरात नहीं आया है। हमें इसके कारणों का पता लगाना चाहिए। प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन करना चाहिए। 'सच्चा' इतिहास जानना चाहिए। हमें ऐसे कदम उठाने चाहिएं, जिनसे देश को सुरक्षित व अखंड रखते हुए वह सब हासिल करें, जो किसी कालखंड में हमने गंवा दिया था।

## ट्वीटर टॉक



एक तरफ जहां हमने अपने 10 साल के रिपोर्ट कार्ड को लोगों के सामने रखा है, वहीं दूसरी तरफ तीसरे टर्म के लिए हमारे विजन को भी देशवासी देख रहे हैं। यही वजह है कि हमें जनता-जनार्दन का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त हो रहा है।

**-नरेन्द्र मोदी**



महिला उत्थान की प्रबल पक्षधर मेरी पूजनीय दादीसा राजमाता गायत्री देवी जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। आपका व्यक्तित्व और विचार सदैव जनसेवा हेतु पथ प्रदर्शन करते हैं, जो सामाजिक जीवन में सकारात्मकता और संबल प्रदान करता है।

**-दीया कुमारी**



आप सभी को 'बुद्ध पूर्णिमा' की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान बुद्ध का त्यागमय जीवन एवं उनके उत्कृष्ट विचार सम्पूर्ण मानवता के लिए युगों-युगों तक प्रेरणास्रोत रहेंगे। आइये, हम सभी उनके अमूल्य उपदेशों को आत्मसात कर श्रेष्ठतम समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

**-वसुंधरा राजे**

## प्रेरक प्रसंग

# शिक्षा से संबल

एक प्लांटेशन मालिक ने छोटे से बच्चे को दास के रूप में खरीदा और उसे अपने घर ले आया। मालिक की पत्नी ने बालक को प्रारंभ में सारे काम समझाए और फिर वह बालक पूरे घर को संभालने लगा। मालिक की पत्नी की एक बेटी थी। महिला अपनी बेटी को अक्सर कहानियां सुनाया करती थी। वह छिपकर कहानी सुनने लगा। वह कहानी एक महापुरुष पर थी जिसमें महिला ने अपनी बेटी को यह बताया कि इस दुनिया में कोई भी काम असंभव नहीं होता। यदि व्यक्ति शिक्षित है तो वह अकेला ही गलत के खिलाफ खड़ा होकर उसे सही करने की ताकत रखता है। बालक के मन में घर कर गई। अब वह छिप कर पुस्तकों को देखने और पढ़ने लगा। उन दिनों दासों के पढ़ने पर सजा का प्रावधान था। इसलिए वह छिप-छिप कर दीवारों पर चॉक से वर्णमाला का अभ्यास करने लगा। सत्रह साल की आयु में उसे 'द कोलंबियन ओरेटर' की एक प्रति मिली, जिसमें प्रसिद्ध वक्ताओं के स्वतंत्रता संबंधी भाषण थे। इन भाषणों को पढ़कर किशोर ने लिखने का अभ्यास किया। यह बालक ही फ्रेडरिक डगलस थे। फ्रेडरिक डगलस पढ़ाई के कारण ही जागरूक हो पाए और उन्होंने हर व्यक्ति को शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

## सामयिक

# अदालत का फैसला, ममता नहीं मानेंगी

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130



वर्ष 2024 के आम चुनाव के पांच चरण पूरे हो चुके है। एक-एक सीट के लिए कशमकश लगी हुई है क्योंकि अभी छठे व सातवें चरण का चुनाव बाकी है। बता दें कि बंगाल में लोकसभा चुनाव जारी हैं। 42 लोकसभा सीटों में से 26 सीटों पर मतदान हुआ हैं और 16 सीटों पर अगले दो चरणों में मतदान होने बाकी हैं। ये सीटें कोलकाता और कोलकाता से आसपास और दक्षिण बंगाल की हैं। इन इलाकों में मुस्लिमों की बड़ी संख्या हैं। इस बीच कलकत्ता हाई कोर्ट का एक ऐसा फैसला आया है जिससे ममता प्रेशर में है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने 2010 के बाद तैयार की गई सभी ओबीसी सूची को रद्द कर दिया है। इस फैसले की वजह से पांच लाख ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द हो जाएंगे। अदालत ने कहा कि 2010 से पहले के ओबीसी व्यक्तियों के सर्टिफिकेट वैध माने जाएंगे। 2010 के बाद जिन लोगों को ओबीसी आरक्षण की वजह से नौकरियां मिल गई है या भर्ती की प्रक्रिया चल रही है, उनकी नौकरी जारी रहेगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को विशेष रूप से तृणमूल सरकार का उल्लेख नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए जाएंगे। संयोग से तृणमूल कांग्रेस 2011 से राज्य में सत्ता में आई है। नतीजतन, अदालत का आदेश केवल तृणमूल सरकार द्वारा जारी ओबीसी प्रमाण पत्र पर प्रभावी होगा। पीठ ने कहा कि इसके बाद राज्य विधायिका यानी विधानसभा को यह तय करना है कि ओबीसी कौन होगा। पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ओबीसी की सूची निर्धारित करेगा। उस सूची को राज्य विधानमंडल या विधानसभा को भेजा जाना चाहिए। जिनके नाम विधानसभा द्वारा अनुमोदित किए जाएंगे उन्हें भविष्य में ओबीसी माना जाएगा।

कलकत्ता हाई कोर्ट का कहना है कि 2010 के बाद जितने भी ओबीसी सर्टिफिकेट बनाए गए हैं, वे कानून के मुताबिक ठीक से नहीं बनाए गए हैं। इसलिए उस प्रमाणपत्र को रद्द किया जाना चाहिए। लेकिन साथ ही हाई कोर्ट ने कहा है कि इस निर्देश का उन लोगों पर कोई असर नहीं होगा जो पहले ही इस सर्टिफिकेट के जरिए नौकरी पा चुके हैं या नौकरी पाने की प्रक्रिया में हैं। अन्य लोग अब उस प्रमाणपत्र का उपयोग रोजगार प्रक्रिया में नहीं कर सकेंगे। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायाधीश राजशेखर मंथा ने बुधवार को फैसला सुनाया। जिस मामले के आधार पर हाई कोर्ट ने यह आदेश दिया, वह मामला 2012 में दायर किया गया था। वादियों की ओर से वकील सुदीप्त दासगुप्ता और विक्रम बनर्जी अदालत में पेश हुए। उन्होंने कहा कि वाम मोर्चा सरकार ने 2010 में एक अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर पश्चिम बंगाल में 'अन्य पिछड़ा वर्ग' बनाया। उस कैटेगरी को 'ओबीसी-ए' नाम दिया गया है। लेकिन अगले वर्ष, वाम मोर्चा बंगाल मसनद से हट गया। 2011 में तृणमूल सत्ता में आई। नई सरकार सत्ता में आई और उस वर्ग पर अंतिम रिपोर्ट के बिना एक सूची बनाई और कानून बनाया। जिसके आधार पर तृणमूल सरकार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद पश्चिम बंगाल की सियासत गरमा गई है। इस फैसले के तुरंत बाद ही राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऐलान कर दिया है कि वह इस फैसले को नहीं मानती हैं। यह बीजेपी का फैसला है और इस फैसले खिलाफ वह अपील करेंगी। राज्य में ओबीसी को आरक्षण दिया जा रहा है और दिया जाता रहेगा। लेकिन कोर्ट के इस फैसले को बीजेपी ने स्वागत किया और कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ओबीसी उप-श्रेणी के तहत मुस्लिम आरक्षण को रद्द कर दिया है। इससे ममता बनर्जी की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति खुलकर सामने आ गई है।इसके साथ ही देश को अन्य राज्यों में ओबीसी को कोटे से मुस्लिमों को आरक्षण दिए जाने के भाजपा के आरोप पर अब बंगाल में भी नया हथियार मिल गया है। भाजपा आरोप लगाती रही है कि ओबीसी के लोगों को वंचित कर मुस्लिमों को आरक्षण दिया गया है। इसके पहले भाजपा ने कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस सरकार पर ओबीसी को वंचित कर मुस्लिमों को आरक्षण देने का आरोप लगाया था। अब इसी मुद्दे पर ममता बनर्जी भी भाजपा के निशाने पर हैं। इस मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा है।

गौरतलब है कि साल 2011 में लेफ्ट फ्रंट को पराजित कर तृणमूल कांग्रेस सत्ता में आयी थी। उसके बाद ममता बनर्जी की सरकार ने अन्य पिछड़े वर्ग की सूची में संशोधन किया और नई सूची बनाई गई। उस समय राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार ओबीसी में 42 समुदायों को ओबीसी में शामिल करने की सिफारिश की गई थी, जिनमें से 41 समुदाय मुस्लिम धर्म के थे।इसी तरह से 11 मई, 2022 को जारी अधिसूचना के अनुसार 35 समुदायों की सिफारिश की गई, जिनमें से 30 समुदाय मुस्लिम धर्म के थे। इस तरह से 77 समुदाय (42+35) को ओबीसी में शामिल करने की सिफारिश की गई थी। इनमें 77 में से 71 समुदाय मुस्लिम समुदाय के थे।

पश्चिम बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में 179 जातियां हैं। और इस लिस्ट को दो कैटेगरी में बांटा गया है। श्रेणी-ए और श्रेणी-बी। श्रेणी ए अति पिछड़ा है। और श्रेणी-बी पिछड़ा है। श्रेणी-ए में 81 जातियां शामिल हैं, जिनमें से 73 जातियां मुस्लिम हैं। इनमें वैद्य मुस्लिम, बबियारी मुस्लिम, मुस्लिम बढ़ई, मुस्लिम दफादार, गायेन मुस्लिम, मुस्लिम जमादार, मुस्लिम कलंदर, कसाई, माझी (मुस्लिम), खानसामा जैसी जातियां शामिल हैं। श्रेणी-बी में 98 में से 45 जातियां मुस्लिम हैं। श्रेणी-बी में वैश्य कपाली, बंशी बर्मन, बरुजीवी, चित्रकार, दीवान, कर्मकार, कुर्मी, मालाकार, मोइरा, गोला, तेली जैसी जातियां शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्गों के लिए 17 प्रतिशत आरक्षण है। इनमें कैटेगरी ए के उम्मीदवारों को 10 फीसदी आरक्षण मिलता है। वहीं श्रेणी-बी के उम्मीदवारों को 7 प्रतिशत आरक्षण मिलता है।

ममता सरकार के इस फैसले के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में मामला दायर किया गया था। कलकत्ता हाईकोर्ट में दायर मामले में कहा गया था कि साल 2010 में एक अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर वाम मोर्चा सरकार ने ओबीसी की एक सूची बनाई थी, लेकिन 2011 में तृणमूल सरकार के सत्ता में आने के बाद बिना अंतिम रिपोर्ट के उसने ओबीसी की जो सूची बनाई। वह पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम 1993 के विपरीत थी। परिणामस्वरूप, जो लोग वास्तव में पिछड़े वर्ग के हैं, वे आरक्षण के लाभ से वंचित हैं। इस मामले में 2012 के अधिनियम को रद्द करने के लिए एक याचिका दायर की गई है और 1993 के अधिनियम के अनुसार वास्तविक पिछड़े वर्गों की पहचान करके एक नई ओबीसी सूची तैयार के लिए अदालत से फरियाद की गई। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि वास्तविक पिछड़ा वर्ग से आने वाले अल्पसंख्यकों को इस कार्य के लिए तृणमूल सरकार द्वारा ओबीसी सूची में शामिल करने से वंचित कर दिया गया है।

बुधवार को न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजा शेखर मंथा की पाठ ने याचियाकर्ता के तर्क को स्वीकार करते हुए कहा कि 2010 के बाद बनी सूची1993 के एक्ट के खिलाफ है। कोर्ट ने जिन लोगों को 2010 के बाद ओबीसी प्रमाणपत्र मिला था, वे सभी रद्द करने का आदेश दिया।कोर्ट ने कहा कि नये अधिनियम 1993 के अनुसार पिछड़े वर्गों की सूची तैयार की जानी है। वह सूची विधानसभा में जायेगी और वहां से अनुमोदन लेना होगा, लेकिन कोर्ट ने यहां नौकरी पाने वाले उन लोगों को राहत दी, जिन्हें इस दौरान ओबीसी सर्टिफिकेट से नौकरियां मिली हैं। कोर्ट ने कहा कि इस फैसले से उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

हाईकोर्ट द्वारा 2010 के बाद के ओबीसी सर्टिफेकेट को रद्द किए जाने के बाद ममता बनर्जी ने तीखी प्रतिक्रिया जताई। ममता बनर्जी ने साफ कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा शुरू किया गया ओबीसी आरक्षण कोटा जारी रहेगा। हमने घर-घर सर्वेक्षण करने के बाद विधेयक का मसौदा तैयार किया था और इसे कैबिनेट और विधानसभा द्वारा पारित किया गया था। उन्होंने इसे भाजपा का फैसला करार देते हुए कहा कि भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके इसे रोकने की साजिश रची है। भगवा पार्टी इतना दुस्साहस कैसे दिखा सकती है? उन्होंने कह कि बंगाल में आरक्षण है और जारी रहेगा।

दूसरी ओर, भाजपा नेता अमित मालवीय ने इसे लेकर ममता बनर्जी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति को एक और झटका देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ओबीसी उप-श्रेणी के तहत मुस्लिम आरक्षण को रद्द कर दिया है। इसने 2010-2024 के बीच जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को भी अमान्य कर दिया है। जिन लोगों को इसके तहत नौकरी दी गई है, यदि वे अपनी नौकरी बरकरार रखने में कामयाब होते हैं, तो वे किसी भी अन्य लाभ के हकदार नहीं होंगे।

कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा 2010 के बाद पश्चिम बंगाल में जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने पर, एनसीबीसी आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने का कलकत्ता उच्च न्यायालय का फैसला का हम स्वागत करते हैं। 2023 में हमारी समीक्षा के दौरान, हमने देखा 2010 के बाद 65 मुस्लिम जातियों और 6 हिंदू जातियों को ओबीसी सूची में जोड़ा गया, हमने इस संबंध में एक रिपोर्ट मांगी लेकिन राज्य सरकार ने हमें कोई रिपोर्ट नहीं दी। अदालत का फैसला बिल्कुल सही है और हम स्वागत करते हैं।

राजनीतिक विश्लेषक पार्थ मुखोपाध्याय कहते हैं कि लोकसभा चुनाव के बीच कलकत्ता हाईकोर्ट के यह फैसला निश्चित रूप से ममता बनर्जी की सरकार के लिए झटका है। दो चरणों में मतदान के पहले निश्चित रूप से यह मुद्दा प्रचार के दौरान उठेगा और ममता बनर्जी भाजपा पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाएंगी, तो भाजपा मुस्लिमों को आरक्षण देकर ओबीसी को आरक्षण के लाभ से वंचित करने का आरोप लगाएगी। चुनाव के परिणाम पर जो प्रभाव पड़ेगा। वह चुनाव परिणाम के साथ साफ हो जाएगा, लेकिन इतना तय है कि चुनाव के बाद भी यह फैसला ममता बनर्जी को प्रेशर में जरूर रखेगा।

## नजरिया

# खतरों के खिलाडी थे देवऋषि नारद

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218



देवऋषि नारद को खतरों का खिलाडी मानने वालों की समाज में कमी नहीं है। वे ब्रह्माण्ड के पहले पत्रकार थे जो सूचनाओं की तह में जाते थे। देवताओं से लेकर असुरों तक उनका सम्मान करते थे। नारद जी कई बार खतरों से घिरे होने के बावजूद अपने पत्रकारिता कर्म को बखूबी निभाते थे। जो जन सामान्य को जरूरी सूचनाओं, समाचारों और ताजा जानकारियों को पहुंचाता है, उसे पत्रकार कहा जाता है। पत्रकारों का काम समाज को सच और निष्पक्ष जानकारी उपलब्ध कराने में भी सहायता प्रदान करता है। महर्षि नारद तीनों लोको के समाचार निडर और निर्भीक होकर पहुंचाते थे। इसके लिए कई बार संकट से भी घिर जाते थे। सच बोलना तब भी खतरा था और आज भी। नारद साहसी थे और बिना झिझक और डरे अपना काम करते थे।

देवऋषि नारद मुनि के जन्म दिवस के रूप में ज्येष्ठ महीने के कृष्ण की द्वितीया तिथि को नारद जयंती मनाई जाती है। इस साल नारद जयंती शुक्रवार, 24 मई मनाई जा रही है। शास्त्रों के अनुसार नारद को ब्रह्मा के सात मानस पुत्रों में से एक माना गया है। इसी वजह से उन्हें देवर्षि भी कहा जाता है। देवर्षि नारद को आदि काल का पत्रकार इसलिए कहा जाता है क्योंकि उनमें पत्रकारिता के सारे गुण हैं। जो व्यक्ति अपनी बात निडरता से कहे वही सफल पत्रकार है। नारद ऊंचे दर्जे के पत्रकार थे और हमेशा सत्य को सामने लाते थे। वे एक स्थान से दूसरे का भ्रमण कर लोगों को सूचना देकर सचेत करते थे। लोक मंगल की कामना से जन जन में अपनी संवाद शैली एवं संपर्क कला से अलख जगाने वाले आदि पत्रकार नारद का संचार दर्शन भारतीय पत्रकारिता को लोक कल्याण की राह दिखा सकता है। नारद ने लोक कल्याण की भावना से अपने कार्यों को अंजाम दिया था इसीलिए उन्हें लोक कल्याण का रहनुमा भी कहा जाता है। नारद ने समाज की भलाई के लिए अपने सूचना श्रोतों का उपयोग किया था। कुछ लोग उन्हें चुगलखोर भी कहते है जो सही नहीं है।

पौराणिक ग्रंथों के अनुसार नारद को ईश्वर का दूत माना जाता है। अनेकों टीवी सिरियल में उनका व्यक्तित्व एक पत्रकार एवं सूचनाओं के गजब के विशेषज्ञ के रूप में प्रकट किया गया है। किसी संवाददाता की भांति उनका घटनास्थल पर नारायण नारायण के उद्घोष के साथ अवतरित होना और खोजबीन के तथ्यों सहित अपनी सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करना वर्तमान टीवी बहसों के माफिक कहा जा सकता है। आज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ऐसा लगता है कहीं भटक गया है मगर नारद का चरित्र अपनी विषय वस्तु पर अडिग रह कर समाज और देश का मार्गदर्शन करता है। उन्हें दुनिया का प्रथम संदेशवाहक माना जाता है। संचार की दुनिया में नारद को माननेवाले उन्हें बेहद श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ पूजते है। आज के शासकों की तरह नारद भी भगवान विष्णु के साथ उनके विमान में यात्रा करते देखे जाते थे। ऐसा विवरण ऋग्वेद में मिलता है।

वह मनुष्य, देवताओं एवं राक्षसों से सम्बंधित सभी घटनाओं से अवगत रहते हैं। नारद का व्यक्तित्व वाकई बेजोड़ है। उनकी तर्कशक्ति विलक्षण है। पुराणों एवं वेदों के महाज्ञाता और महान संत के रूप में वे सर्वविख्यात है।

देवर्षि नारद दुनिया के प्रथम पत्रकार थे जिन्होंने विभिन्न लोकों में परिक्रमा करते हुए संवादों के आदान-प्रदान द्वारा पत्रकारिता को प्रारंभ किया। इस प्रकार देवर्षि को प्रथम पत्रकार की मान्यता हासिल हुई। ऐतिहासिक ग्रंथों से मिली जानकारी के अनुसार नारद का तोड़ने में नहीं अपितु जोड़ने में दृढ़ विश्वास था। उन्होंने सृष्टि के विकास के बहुआयामी प्रयास किये और अपने संवादों के माध्यम से पत्रकारिता की नीवं रखी। नारद को मानव से लेकर दैत्य और देवताओं का समान रूप से विश्वास हासिल था और यही कारण था कि अपनी विश्वसनीयता के बूते उन्होंने सभी के मनों पर विजय प्राप्त की और पत्रकारिता धर्म को निभाया। नारद अपनी बात दृढ़ता से रखते थे। नारदजी का कार्य समाजहित मे होता था। उनका कार्य रामायण, महाभारत काल मे एकदम सकारात्मक है। नारदजी ने अत्याधिक जटिल समस्या का समाधान बहुत ही बुद्धिमतापूर्ण किया। हम उनसे बहुत कुछ ग्रहण कर सकते है। किसी भी प्रकार की शंका होने पर वे भगवान विष्णु से अवश्य परामर्श लेते थे। शास्त्रों के अनुसार नारद मुनि, ब्रह्मा के सात मानस पुत्रों में से एक हैं। उन्होंने कठिन तपस्या से देवर्षि पद प्राप्त किया है। वे भगवान विष्णु के अनन्य भक्तों में से एक माने जाते हैं। देवर्षि नारद धर्म के प्रचार तथा लोक कल्याण के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने सर्वप्रथम यह तय किया था कि सम्पूर्ण देश में नारद जयंती पत्रकार दिवस के रूप में आयोजित कर नारद के कृतित्व और व्यक्तित्व को वृहद रूप से रेखांकित कर जन जन तक पहुँचाया जावे। संघ के इस निर्णय की पालना में उसके अनुषांगिक संगठन विश्व संवाद केंद्र की ओर से हर साल नारद जयंती का आयोजन कर पत्रकारों को सम्मानित किया जाता है। देश की जनता को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और विश्व संवाद केंद्र का आभारी होना चाहिए जिन्होंनें नारद जी और पत्रकारिता के बीच संबंध स्थापित कर यह विषय समाज तक पहुंचाया।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ऑस्ट्रियाई फिल्म में भारतीय अभिनेता ने निभाई जर्मन भाषी की भूमिका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कान/भाषा। ऑस्ट्रिया की एक फिल्म में एक भारतीय अभिनेता ने जर्मन भाषी की भूमिका निभाई है। वियना में यह फिल्म बनकर तैयार होने वाली है। भारतीय मूल के ऑस्ट्रियाई फिल्म निर्माता संदीप कुमार द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का शीर्षक हैप्पी है। इसमें मुंबई में रहने वाले अभिनेता साहिदुर रहमान ने एक अवैध अप्रवासी की भूमिका निभाई है जो देश छोड़ने के नोटिस के कारण खुद पर पड़े प्रभावों से जूझ रहा है। रहमान राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी), दिल्ली के छात्र रहे हैं। वह करण तेजपाल की फिल्म 'स्टोलन' में थे, जिसका पिछले साल 80वें वेनिस फिल्म महोत्सव में 'वर्ल्ड प्रीमियर' हुआ था। कुमार की पिछली फिल्म 'मेहरुनिसा' थी। उन्होंने बताया कि मुख्य किरदार अदा कर रहे रहमान ने शूटिंग शुरू होने से चार महीने पहले जर्मन भाषा सीखी थी। कुमार ने 77वें कान फिल्म महोत्सव के मौके पर 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''मैंने 'हैप्पी' में मुख्य भूमिका निभाने के लिए सबसे पहले मुंबई के एक प्रसिद्ध अभिनेता से संपर्क किया था। उन्हें पटकथा पसंद आई लेकिन उनकी अन्य व्यस्तताओं ने उन्हें इस फिल्म में काम करने से रोका।'' उन्होंने कहा, ''साहिदुर ने शानदार काम किया है।''

कुमार बताते हैं, ''मेरे दिमाग में यह विचार 2012 से था। वियना के सबवे (भूमिगत मार्ग) और अन्य स्थानों में समाचार पत्र विक्रेता ज्यादातर अप्रवासी हैं जो अनिश्चिततापूर्ण जीवन जीते हैं।

शुरुआत में कुमार के मन में एक वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) बनाने का विचार था, लेकिन जब उन्होंने लोगों का साक्षात्कार लिया और उनकी कहानियां सुनीं, तो उन्होंने इसे एक 'फिक्शन' फिल्म में बदलने का फैसला किया।

वह कहते हैं, मुझे लगा कि मैं फिक्शन (काल्पनिक) फिल्म बनाने में अधिक सहज रहूंगा। डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण मेरी विशेषता नहीं है।''

## 'खतरों के खिलाड़ी' के साथ टीवी पर अपने डेब्यू को लेकर उत्साहित हूं: कृष्णा श्रॉफ

मुंबई/भाषा। दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा श्रॉफ जल्द ही रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के साथ भारतीय टेलीविजन की दुनिया में शामिल होने वाली हैं। कृष्णा ने कहा कि फिल्मों में अभिनय करने की तुलना में बिना अभिनय के खुद को दर्शको से मिलाना ज्यादा आकर्षक है। उन्होंने कहा कि एडवेंचर पर आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' उनके व्यक्तित्व के साथ प्रतिध्वनित होता है और इसलिए उन्होंने इस शो में शामिल होने का फैसला किया। रोमानिया में आयोजित होने वाली 'खतरों के खिलाड़ी' में कृष्णा, सुमोना चक्रवर्ती, शिल्पा शिंदे, असीम रियाज, कृष्णा श्रॉफ, अदिति शर्मा, गशमीर महाजनी, नियति फतनानी जैसी हस्तियां शो का खिताब जीतने की दौड़ में हैं।




# तीन कृत्रिम अंगों के बावजूद माउंट एवरेज के आधार शिविर तक पहुंचे कौशिक

पणजी।गोवा के 30 साल के टिंकेश कौशिक माउंट एवरेस्ट के आधार शिविर तक पहुंचने वाले पहले ऐसे व्यक्ति बने जिनके तीन अंग कृत्रिम हैं। एक निजी दिव्यांग अधिकार समूह ने यह दावा किया। माउंट एवरेस्ट का आधार शिविर समुद्र की सतह से 17,598 फीट ऊपर है।

कौशिक ने एवरेस्ट के आधार शिविर तक का चुनौतीपूर्ण सफर 11 मई को पूरा किया। उन्होंने कहा कि वह अपनी शारीरिक अक्षमताओं के बावजूद अपनी मानसिक मजबूती की बदौलत यह उपलब्धि हासिल करने में सफल रहे। कौशिक ने हरियाणा में नौ साल की उम्र में करंट लगने के कारण घुटने के नीचे दोनों पैर और एक हाथ गंवा दिया था।

कृत्रिम अंगों का सहारा लेने वाले कौशिक कुछ साल पहले गोवा चले गए थे और वहां एक फिटनेस कोच के रूप में काम कर रहे हैं। डिसेबिलिटी राइट्स एसोसिएशन ऑफ गोवा (डीआरएजी) के प्रमुख एवेलिनो डिसूजा ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि कौशिक ने अपनी उपलब्धियों से गोवा को गौरवांवित किया है।

यात्रा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय सीट से पार्टी उम्मीदवार कन्हैया कुमार के साथ गुरुवार को नयी दिल्ली में एक चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए दिल्ली मेट्रो ट्रेन में यात्रा करते हुये।

# रूसी सैन्य जनरल स्टाफ का एक उप प्रमुख रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मास्को। रूस के सैन्य जनरल स्टाफ के एक उप प्रमुख को बड़े पैमाने पर रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों की रिश्वतखोरी में गिरफ्तारियों की श्रृंखला में यह नवीनतम मामला है। मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी सामने आयी है।

लेफ्टिनेंट जनरल वादिम शमारिन की गिरफ्तारी इस सप्ताह यूक्रेन में रूस के पूर्व शीर्ष कमांडर मेजर जनरल इवान पोपोव की रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तारी के बाद हुई है। गिरफ्तार किये गये शमारिन रक्षा मंत्रालय के मुख्य संचार निदेशालय के प्रमुख भी थे। रूसी समाचार एजेंसियों ने एक सैन्य छावनी अदालत का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें दो महीने के लिये हिरासत में रखा गया है, लेकिन मामले के अन्य विवरण नहीं बताए गए हैं। इससे पहले, इस साल अप्रैल में, रक्षा उप मंत्री तैमूर इवानोव को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इवानोव सर्गेई शोइगु के करीबी सहयोगी थे। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसी महीने शोइगु को रक्षा मंत्री के पद से बर्खास्त कर दिया था।शोइगु को हटाये जाने के दो दिन बाद रक्षा मंत्रालय के कार्मिक निदेशालय के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल यूरी कुजनेत्सोव को रिश्वतखोरी के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया ।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि रक्षा अधिकारियों की गिरफ्तारी का यह संकेत नहीं है कि यह सेना के खिलाफ अभियान है ।

पेसकोव ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई एक सतत कार्य है। यह कोई अभियान नहीं है। यह लगातार चलता रहता है । यह हमारे कानून प्रवर्तन एजेंसियों की गतिविधि का अनिवार्य हिस्सा है।''

यूक्रेन के साथ लड़ाई में कीव पर जल्दी कब्ज़ा करने में रूस की विफलता के लिए शोइगु को व्यापक रूप से दोषी ठहराया गया था और निजी सेना के कमांडर येवगेनी प्रिगोझिन ने उन पर अक्षमता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। प्रिगोझिन ने जून 2023 में शोइगू को हटाने और सेना प्रमुख जनरल वेलेरी गेरासिमोव को हटाने की मांग करते हुये विद्रोह कर दिया था ।

## कान फिल्म महोत्सव



कान फिल्म महोत्सव के 77वें संस्करण में फिल्म ले कॉम्टे डे मोंटे–क्रिस्टो (द काउंट ऑफ मोंटे–क्रिस्टो) की स्क्रीनिंग के लिए कलाकार दक्षिणी फ्रांस पहुंचे।



# दिव्या खोसला की फ़िल्म 'सावी' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला की आने वाली फिल्म सावी का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

अभिनय देव निर्देशित सावी–ए ब्लडी हाउसवाइफ फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सावी का ट्रेलर रिलीज हो गया है।सावी के ट्रेलर को टी–सीरीज ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर शेयर किया है। ट्रेलर की शुरुआत दिव्या खोसला से होती हैं। वह एक वीडियो रिकॉर्ड करती हैं और कहती हैं कि यदि आप सब यह वीडियो देख रहे हैं, तो आप जानते हैं कि मैं एक क्रिमिनल हूं, लेकिन यह पूरी कहानी नहीं है।इसके बाद ट्रेलर में देखने को मिलता है कि कैसे सावी (दिव्या) अपने परिवार के साथ खुशी–खुशी रहती हैं, लेकिन फिर हर्षवर्धन राणे जो इस फिल्म में उनके पति का किरदार निभा रहे हैं उन्हें पुलिस खून और ड्रग्स के इल्जाम में गिरफ्तार करके देश के सबसे बड़े जेल में बंद कर देती है। सावी यह जानती है कि उसका पति बेगुनाह है। वह उसे बाहर निकालने के लिए लॉकअप तोड़ने का प्लान करती है। अब आगे क्या होगा यह तो फिल्म रिलीज होने के बाद ही पता चलेगा।

फिल्म सावी का निर्माण विशेष एंटरटेनमेंट और टी–सीरीज़ के बैनर तले मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा किया गया है। शिव चानना और साक्षी भट्ट ने को प्रोडूयूस किया है। इस फिल्म में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्द्धन राणे भी नज़र आयेंगे। फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है।फिल्म सावी 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# नहीं रहे 'भाबीजी घर पर हैं' फेम फिरोज खान, हार्ट अटैक से हुआ निधन

मुंबई/एजेन्सी



मनोरंजन की दुनिया से एक बुरी खबर आई है। टीवी की दुनिया के ख्यातनाम शो 'भाबीजी घर पर हैं!' फेम फिरोज खान अब इस दुनिया में नहीं रहे। गुरुवार, 23 मई को सुबह तड़के फिरोज का हार्ट अटैक से निधन हो गया। फिरोज खान सुपरस्टार अमिताभ बच्चन के डुप्लीकेट थे। फिरोज बिग बी मिमिक्री और एक्टिंग के लिए जाने जाते थे। फैंस भी उनकी एक्टिंग को खूब पसंद करते थे। एक्टर के निधन की खबर ने उनके फैंस को काफी हैरान कर दिया है। 'भाबीजी घर पर हैं!' की टीम के साथ उनके फैंस इस खबर से काफी दुखी हैं। हर कोई उन्हें सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दे रहा है।

फिरोज खान ने अपने करियर में कई टीवी सीरियलों और फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्हें सही मायने में पहचान कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं!' से मिली थी। उन्होंने 'भाबीजी घर पर हैं!' के अलावा 'जीजा जी छत पर हैं', 'साहब बीबी और बॉस', 'हप्पू की उल्टन पल्टन' और 'शक्तिमान' में काम किया। इसके अलावा वह सिंगर अदनान सामी के सुपरहिट गाने 'थोड़ी सी तू लिफ्ट करा दे' सहित कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग से दर्शकों का मनोरंजन कर चुके हैं। फिरोज खान पिछले कुछ समय से बदायूं में थे। यहां पर उनके कई इवेंट्स थे, जिसमें उन्होंने परफॉर्मेंस दी थी। उन्होंने 4 मई को बदायूं क्लब में मतदाता महोत्सव में अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी थी, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया था। वहीं, सोशल मीडिया पर भी फिरोज परफॉर्मेंस दे रहे थे। अमिताभ ही नहीं फिरोज ने दिलीप कुमार, शाहरुख खान, धर्मेन्द्र और सनी देओल तक की मिमिक्री कर खूब नाम कमाया। सोशल मीडिया पर फिरोज की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम भी इन्हें इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं। ऐसे में एक्टर के निधन की खबर ने सभी को तोड़कर रख दिया। गौरतलब है कि फिरोज से पहले 'भाबीजी घर पर हैं!' सीरियल में 'मलखान' का रोल निभाने वाले 'दीपेश भान' का भी हार्ट अटैक से निधन हो चुका है।

# सलमान ने सीबीआई जांच की मांग संबंधित याचिका से नाम हटाने का किया आग्रह

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने मुंबई में अपने आवास पर हुई फायरिंग मामले से जुड़े घटनाक्रम में एक आरोपी की हिरासत में मौत की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराये जाने की मांग से संबंधित याचिका में अपना नाम हटाने का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति एनआर बोरकर और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेसन की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष याचिका की सुनवाई के दौरान अभिनेता के वकील आबाद पोंडा ने आरोपी अनुज थापन की मां रीता देवी की ओर से सीबीआई जांच की मांग को लेकर दायर याचिका में प्रतिवादी के रूप में अभिनेता का नाम हटाने की मांग की। थापन का शव मुंबई क्राइम ब्रांच लॉकअप में लटका हुआ पाया गया था जहां उसे रखा गया था। रीता देवी ने अपनी याचिका में दावा किया कि उनके बेटे को हिरासत में प्रताड़ित किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। संबंधित मामले में बहस के दौरान पोंडा ने दावा किया कि सलमान के खिलाफ कोई आरोप नहीं था फिर भी याचिका में उनका नाम डालकर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया गया। याचिका में दावा किया गया कि वह (सलमान) आरोपी की हिरासत में मौत के लिए जिम्मेदार थे। दूसरी ओर रीता देवी के वकील ने कहा कि वह अभिनेता के खिलाफ कोई निर्देश की मांग नहीं कर रहे हैं और प्रतिवादी के रूप में उनका नाम हटाने पर सहमत हैं। अदालत ने रीता देवी से राज्य सीआईडी ङ्कङ्कको प्रतिवादी के रूप में जोड़ने के लिए कहा क्योंकि वह हिरासत में मौत की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि उच्च न्यायालय के 15 मई के निर्देश के अनुसार उस थाने के सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित कर लिया गया है जहां थापन को रखा गया था। इसके साथ ही थाने और संबंधित पुलिस अधिकारियों के कॉल डेटा रिकॉर्ड (सीडीआर) भी संरक्षित किए गए हैं। न्यायालय ने थापन की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर भी राज्य सरकार से सवाल किया था और कहा था कि शव परीक्षण रिपोर्ट में थापन की गर्दन पर चोट के निशान का चित्र शामिल नहीं किया गया। यह भी पूछा कि क्या कोई अन्य चोट के निशान थे। थापन का शव एक मई को क्रॉफर्ड मार्केट में क्राइम ब्रांच के लॉक–अप के शौचालय में लटका हुआ पाया गया था। पुलिस ने दावा किया कि उसने इसके लिए बेडशीट का इस्तेमाल किया। अदालत ने कहा कि रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि थापन की मृत्यु दम घुटने से हुई। न्यायमूर्ति बोरकर ने टिप्पणी की कि यह गला घोंटने के कारण भी हो सकता है। इसके बाद राज्य सरकार के अधिवक्ता जयेश याग्निक ने पीठ को एक पूरक रिपोर्ट दिखाई जिसमें थापन के शरीर पर चोट के निशानों का उल्लेख था।

# 'पंचायत' की शूटिंग पर खुश नहीं थी नीना गुप्ता ?

मुंबई/एजेन्सी



अमेजन प्राइम की वेब सीरीज 'पंचायत' का तीसरा सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। सीरीज की कास्ट प्रमोशन में व्यस्त है। प्रमोशन के दौरान कास्ट शूट की बहुत सी बातें शेयर कर रहे हैं। अब नीना गुप्ता ने बताया कि वो शो के शूट के दौरान खुश नहीं थीं। मिर्ची प्लस से खास बातचीत में नीना गुप्ता ने कहा कि मैं सबसे ज्यादा तब खुश होती हूं जब मैं काम करती हूं। अगर काम अच्छा हो तो उस वक्त मुझे रेत, 47 डिग्री तापमान की चिंता नहीं होती। जब हमने पंचायत सीजन 3 का शूट किया तो लोगों के डेट इश्यू के चलते तेज गर्मी में शूटिंग की। शूट के वक्त हम अपने चेहरों और गर्दन पर गीला कपड़ा रखते थे। नीना गुप्ता ने कहा कि इससे फर्क नहीं पड़ता की शूट के वक्त कितने भी छाते हों, जब आप शॉट के लिए रेडी हो रहे होते हैं, तो साउंड और एक्शन से पहले शॉट को रेडी होने में कुछ वक्त लगता है। आगे नीना गुप्ता ने बताया कि इसी शूट के दौरान 'एक शॉट में, मैं तेज धूप के नीचे खड़ी थी, और निर्देशक ने 'साउंड, एक्शन' की बोल दिया था, इसलिए छाते हटा दिए गए थे, लेकिन शॉट रेडी होने में थोड़ा वक्त लग रहा था और मैं धूप में जल रही थी। मैं खुद से शिकायत कर रही थी और बोल रही थी कि ये क्या है? लेकिन मुझे एहसास हुआ, और ये जीवन में बहुत जरूरी है, तुम इससे भाग नहीं सकती, तुम्हें ये शॉट देना पड़ेगा। मैंने उसे स्वीकार किया, जैसे ही मैंने वो किया, मैं ठीक थी। इस दौरान नीना गुप्ता ने बताया कि अपने करियर के ज्यादातर वक्त उनके पास ये ऑप्शन नहीं था कि वो अपने रोल्स चुन सकें। हालांकि, वो फेज गुजर चुका है।

# शाहिद कपूर को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज पर फिल्म बनाएंगे अमित रॉय!

मुंबई/एजेन्सी



फिल्म निर्देशक और लेखक अमित राय, छत्रपति शिवाजी महाराज पर फिल्म बना सकते हैं। अक्षय कुमार को लेकर ओएमजी 2 बनाने वाले अमित रॉय अब छत्रपति शिवाजी महाराज पर फिल्म बनाने वाले हैं। चर्चा है कि इस फिल्म में शाहिद कपूर मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। अमित रॉय ने बताया है कि छत्रपति शिवाजी महाराज के लिये शाहिद कपूर उनकी पहली पसंद हैं। उनको कहानी पसंद आई है। फिल्म का काम शुरू हो चुका है। यह अलग जॉनर की फिल्म है, जिसे अब तक नहीं बनाया गया है।

अमित रॉय ने बताया,जैसी शिव जी में मेरी आस्था है, वैसी ही आस्था छत्रपति शिवाजी महाराज के लिए भी है। जब मैं ओएमजी 2 बना रहा था, तो मुझे पता था कि मुझसे कुछ गलत नहीं होगा। वैसा ही भरोसा इस फिल्म को लेकर भी है। कहानी बिल्कुल शुद्ध है। इससे छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में लोगों को और जानने का मौका मिलेगा। इसमें काल्पनिक कुछ भी नहीं होगा। जो उनके जीवन में घटित हुआ, वही कथा का हिस्सा है।

# ऑनस्क्रीन क्रिकेटर बनने के लिए जाह्नवी कपूर ने की कड़ी मेहनत

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने ऑनस्क्रीन क्रिकेटर बनने के लिये कड़ी मेहनत की है। जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड माही को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव अभिनीत इस स्पोर्ट्स ड्रामा का ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया है जिसे फैंस ने काफी सराहा है। जाह्नवी कपूर ने बताया है कि इस फिल्म के लिए वह आईपीएल टीम के साथ घंटों क्रिकेट की प्रैक्टिस किया करती थीं। मिस्टर एंड मिसेज माही के मेकर्स की तरफ से हाल ही में फिल्म के एक मेकिंग वीडियो रिलीज किया है। जिसमें जाह्नवी कपूर इस फिल्म के लिए अपनी तैयारियों के बारे में ब्यौरा देती हुई नजर आ रही हैं। जाह्नवी कपूर ने बताया है कि क्रिकेटर की भूमिका निभाने के लिए मैंने घंटों नेट्स में पसीना बहाया है। इस दौरान मैंने चोटों का भी सामना किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के बैटिंग कोच और भारतीय क्रिकेटर रहे अभिषेक नायर ने मेरी काफी सहायता की और क्रिकेट खेलने का सही तरीका सिखाया। इसके अलावा मेरा डेली रुटीन करीब 5–6 घंटे तक ट्रेनिंग सेशन में गुजरता था, जिसमें क्रिकेट, जिम वर्कआउट और अन्य वर्कशॉप में शामिल हुआ करते थे। ये सिलसिला लंबे समय तक चला और तब जाकर मैंने मिस्टर एंड मिसेज माही के लिए खुद को तैयार किया है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर के अलावा राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, अभिषेक बनर्जी, जरीना वहाब और अर्जित तनेजा जैसे कलाकार भी दिखाई देंगे।।शरन शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही, 31 मई को रिलीज होगी।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

स्थानीय तेरापंथ सभा विजयनगर की नवमनोनीत टीम का शपथ ग्रहण समारोह तेरापंथ भवन राजराजेश्वरीनगर में साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी एवं साध्वीश्री उदितयशाजी के सान्निध्य में आयोजित हुआ।



## उत्साहवर्धन


दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के नागरभावी खेल मैदान में एआईटी बॉयज द्वारा पुनीत राजकुमार कप नामक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस मौके पा मुख्य अतिथि महेन्द्र मुणोत ने कप का उदघाटन करते हुए समारोह में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# जैन धर्म केवल जैनों का नहीं, अपितु जन जन का धर्म है : आचार्यश्री महेन्द्रसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कराड। स्थानीय सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में आयोजित प्रवचन में आचार्यश्री ने कहा कि महावीर भगवान केवल जैनों के नहीं पूरी दुनिया के है और जैन धर्म केवल जैनियों का ही नहीं, जो कोई भी उसे जीता है उसका भी है। जब प्रवचन पाठ पर बैठकर साधु कहते है कि हम गुरु सुधर्मा और गुरु गौतम की पाठ से प्रवचन कर रहे है।

यानी उनकी अक्षुण्ण परंपरा में हम है । किंतु जब हम महान गुरुओं की पूर्व परंपराओं को भी देखना बंद कर देते हैं तो हम गुरुभक्त या शासन भक्त नहीं रहते है। हम कितने अपने संप्रदाय-समुदाय, पंथ के कारण अपने ही गुरुओं को मानने और मनवाने की पुरजोर कोशिश कर रहे है परिणामस्वरुप जैनों के एक्य के अभाव में कई समस्याएँ पनप रही है। हमें इस विषय पर गंभीरता से सोचना होगा तथा सही मार्ग पर समाज को प्रशस्त करना होगा।

# तेरापंथ सभा विजयनगर की नई कार्यकारिणी समिति का शपथ ग्रहण सम्पन्न

## कोचर बने अध्यक्ष, हिंगड़ बने मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय तेरापंथ सभा विजयनगर की नवमनोनीत टीम का शपथ ग्रहण समारोह तेरापंथ भवन राजराजेश्वरीनगर में साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी एवं साध्वीश्री उदितयशाजी के सान्निध्य में आयोजित हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में महासभा के प्रभारी प्रकाश लोढा ने अपने विचार व्यक्त किए। निवर्तमान अध्यक्ष प्रकाशचंद्र गांधी ने नव मनोनीत अध्यक्ष मंगल कोचर को पद की शपथ दिलवाई। तत्पश्चात मंगल कोचर ने अपने कैबिनेट एवं कार्यकारिणी सदस्य को शपथ दिलवाई। उपाध्यक्ष के रूप में भंवरलाल मांडोत, बाबूलाल बोथरा, ललित सेठिया को, दिनेश हिंगड़ को मंत्री, ज्ञानू नाहटा एवं विमल दक को सहमंत्री, मनोहरलाल बोहरा को संगठन मंत्री तथा चंपालाल मालू को कोषाध्यक्ष के रूप में टीम में शामिल किया। इस अवसर पर तेयुप अध्यक्ष राकेश पोकरणा, महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गादिया, आरआर नगर सभा अध्यक्ष छत्तरसिंह सेठिया ने भी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर साध्वीश्री ने सभी को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करते हुए अपनी भावना जताई। संगठन में हमें गुरु इंगित एवं गुरु आराधना के साथ संघ के प्रति समर्पित होकर कार्य करना है, आपस में प्रेम वात्सल्य के साथ कार्य करना है। राजेश चावत ने संचालन किया। मंत्री दिनेश हिंगड़ ने धन्यवाद दिया।

## जलभराव



गुरुवार को हुब्बल्ली में आई अच्छी बारिश के चलते यहां जल भराव के बीच बीआरटीएस रोड से गुजरते वाहन।



## समर्थ सहायक

गुरुवार को बेंगलूरु में समर्थ सहायक उपकरण कान्क्लेव के दौरान अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा, हुंडई मोटर इंडिया के सीओओ तरुण गर्ग, समर्थनम ट्रस्ट के संस्थापक प्रबंध ट्रस्टी डॉ. महंतेश किवदासनवर, हुंडई मोटर के कार्यकारी निदेशक जेटी पार्क आदि जरूरतमंदों को सहायक उपकरण सौंपते हुए।



# बसवनगुड़ी आराधना भवन में पूर्णिमा पर हुई दादा गुरुदेव की विशेष पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जिनकुशलसूरि जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद बेंगलूरु शाखा के सदस्यों द्वारा मुनिश्री मलयप्रभसागरजी एवं साध्वीश्री स्वर्णाजंनाश्रीजी की निश्रा में जिनकुशल सूरी जैन आराधना भवन में पूर्णिमा के अवसर पर दादागुरु देव का पूजन विधि विधान के साथ लाभार्थी अरुणा डोशी परिवार के सौजन्य से किया गया। पूजन में लाभार्थी परिवार सहित बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित थीं।

परिषद की अध्यक्ष आरती जैन ने सभी का स्वागत किया। यह जानकारी परमेश्वरी संखलेचा ने दी।

# बेंगलूरु रेव पार्टी मामला : दो तेलुगू अभिनेत्रियों में ड्रग की पुष्टि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। बेंगलूरु में 20 मई को एक फार्म हाउस में आयोजित रेव पार्टी में शामिल हुईं दो तेलुगू अभिनेत्रियों के ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में ड्रग के सेवन की पुष्टि हुई है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया, बेंगलूरु में इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी क्षेत्र में स्थित जीएम फार्म हाउस में रेव पार्टी आयोजित की गई थी। पार्टी में शामिल होने वाले 103 लोगों के ब्लड सैंपल जांच के लिए गए। रिपोर्ट में 86 लोगों में ड्रग के सेवन की पुष्टि हुई। पार्टी में 73 पुरुष और 30 महिला शामिल थे। जिसमें 59 पुरुष और 27 महिलाओं ने ड्रग के सेवन की पुष्टि की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, 50 से ज्यादा पुरुषों और करीब 30 महिलाओं में ड्रग के सेवन की पुष्टि हुई। सीसीबी पुलिस अधिकारियों की विशेष शाखा इन सभी को नोटिस भेजने और पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी कर रही है। रेव पार्टी में शामिल एक अभिनेत्री ने एक वीडियो बनाकर दावा किया था कि वह हैदराबाद में थीं। उसने रेव पार्टी में अपनी मौजूदगी से इनकार कर दिया था।

हालांकि, बेंगलूरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने बाद में कहा कि तेलुगु अभिनेत्री वास्तव में उस रेव पार्टी में मौजूद थीं, जहां ड्रग जब्त की गई। एक अन्य लोकप्रिय तेलुगू अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि वह पार्टी में शामिल हुई थी। लेकिन उसने दावा किया कि उसे नहीं पता था कि अंदर क्या चल रहा है? उसने लोगों से उनका सपोर्ट करने के लिए कहा।

पुलिस ने 20 मई को 'सनसेट टू सनराइज विक्ट्री' नाम वाली रेव पार्टी पर छापा मारा था। इस पार्टी में टेक प्रोफेशन, तेलुगु एक्ट्रेस समेत करीब 100 लोग शामिल हुए थे।

कथित तौर पर पार्टी में शामिल लोगों ने एमडीएमए, कोकीन, हाइड्रो गांजा और अन्य पदार्थों का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने फार्म हाउस से ड्रग बरामद की।

मामले की जांच कर रही कर्नाटक पुलिस ड्रग की सप्लाई के साथ-साथ सेक्स रैकेट संचालित होने की संभावना की भी जांच कर रही है।

# मेघालय की गारो भाषा की फिल्म 'रिमडोगिट्टांगा' ने फ्रांस में रचा इतिहास

कान/भाषा। सिनेमा के नाम पर मेघायल में केवल दो सिनेमाघर हैं लेकिन इस छोटे से राज्य की गारो भाषा की लघु फिल्म 'रिमडोगिट्टांगा'' ने फ्रांस में इतिहास रच दिया। फिल्म निर्देशक डोमिनिक संगमा की फिल्म 'रिमडोगिट्टांगा' (रप्चर) फ्रांस के 33 शहरों और 36 सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जिसमें पेरिस के तीन और नीस का एक सिनेमाघर शामिल है। फिल्म दमदार प्रदर्शन कर रही है और उसे रिलीज हुए दो सप्ताह हो गए हैं।

फिल्म निर्देशक डोमिनिक संगमा ने कहा, ''जब मुझे फ्रांस में 'रिमडोगिट्टांगा'(रप्चर) की रिलीज की खबर मिली तो मैं बहुत खुश हुआ। किसी भी निर्देशक का सपना होता है कि उसकी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हों।'' उन्होंने कहा, ''भारत में हम में से बहुत से लोग ऐसे वितरकों और बिक्री एजेंटों को ढूंढने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जो हमारी फिल्मों को दुनिया भर में पहुंचा सकें।'' संगमा ने कहा, ''हमारे देश में ऐसी कई स्वतंत्र फिल्में हैं जो सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हुई हैं।'' संगमा सौभाग्यशाली थे। फिल्म 'रिमडोगिट्टांगा' बहुत सहज फिल्म है जो बताती है कि धर्म और सामाजिक बंधन किस हद तक एक घनिष्ठ समुदाय की अच्छाई और बुराई की भावना को प्रभावित करते है। संगमा ने कहा, ''मेघालय में केवल दो सिनेमाघर हैं। एक शिलांग में और दूसरा बर्नीहाट में है।'' उन्होंने बताया, ''मैं गारो हिल्स क्षेत्र से आता हूं, लेकिन वहां एक भी सिनेमाघर नहीं है। इसलिए मेरी फिल्म के मेरे राज्य में ही रिलीज होने की संभावना लगभग न के बराबर है।



# बिना व्रत-नियम के मनुष्य का जीवन केवल पशु जीवन समान : आचार्य प्रसन्नसागर

## आचार्यश्री ने हैदराबाद की ओर विहार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जक्कूर स्थित एमसीएचएस लेआउट में आईएएस अधिकारी मनोज जैन, शैलजा पाटनी के निवास स्थान पर आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी के सान्निध्य में प्रातःकालीन भव्य पूजा हुई। दोपहर में मनोज पाटनी परिवार द्वारा अष्ट द्रव्यों से भव्यातिभव्य गुरु पूजा की गई। इस मौके पर आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिंदगी जीने में पूरे 75 वर्ष लग जाते हैं और मरने में 5 मिनट। अपने जीवन को भव्यता मान कर के जीना, मेरे भाग्य में जो था, वो मुझे मिला , जीवन में धर्म का घटित होना अत्यावश्यक है। आचार्यश्री ने कहा कि आत्मा अमर है, आत्मा मरती नहीं है।

आचार्य कहते हैं कि हर व्यक्ति की जिंदगी में कुछ न कुछ व्रत नियम होना ही चाहिए । बिना व्रत-नियम के जीवन ऐसा है जैसे पशुओं का जीवन। यहाँ जितने भी लोग आते हैं, सब अपनी-अपनी शक्ति अनुसार व्रत-नियम लेकर जाते हैं । 24 घण्टे में से जितने क्षण, जितने पल शुभ में, श्रेष्ठ में, धर्म में, उत्तम में, परोपकार में, सेवा में गुजर रहे हैं, बस उस दिन की वही हमारी कमाई है । उपाध्यायश्री पीयूषसागरजी ने कहा कि जीवन में धैर्य रखें। कच्चा आम भी समय पाकर पक जाता है और मीठा हो जाता है। जीवन में जब कोई आगे बढ़ता है तो लोग टाँग खींचते हैं और जब प्राण निकलते हैं तो कंधे पर उठा लेते हैं, यही जीवन का सच है। आचार्य संघ का मंगल विहार हैदराबाद की ओर 6 किलोमीटर के लिये हुआ ।

## बुद्ध पूर्णिमा



बेंगलूरु के गांधीनगर स्थित महाबोधि सोसाइटी में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर भगवान बुद्ध को लेकर अनेक अनुष्ठान किए गए। सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर शांति पाठ कर बुद्ध पूर्णिमा मनाई।

# बेटे ने मां को 30 साल बाद दिलवाया इंसाफः दुष्कर्मी बाप को 10 साल की कैद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शाहजहांपुर (उप्र)/भाषा। शाहजहांपुर जिले में 30 साल पहले एक किशोरी से दुष्कर्म के मामले में एक स्थानीय अदालत ने उसके बेटे द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमे में बुधवार को दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 1010 साल की कैद की सजा सुनायी।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव अवस्थी ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई भाषा' को बताया कि वर्ष 1994 में सदर बाजार थाना क्षेत्र की रहने वाली 12 साल की एक किशोरी घर में अकेली थी तभी मोहल्ले के दबंग नकी हसन और उसके भाई गुड्डु ने उसके साथ सामूहिक दुराचार किया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने दो साल के दौरान उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई और उसने एक बेटे को जन्म दिया।

अवस्थी ने बताया कि पीड़िता ने अपने बेटे को अपने एक रिश्तेदार के घर पर छोड़ दिया था। उसकी शादी हुई लेकिन कुछ समय बाद उसके पति ने उसे छोड़ दिया।

अधिवक्ता ने मामले की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि बाद में रिश्तेदार के घर छोड़ा गया बेटा उसके साथ आकर रहने लगा। उसका बेटा जब 17 साल का हुआ तो उसने अपनी मां से अपने पिता का नाम पूछा।

उन्होंने बताया कि इसके बाद मां ने अपने बेटे को सारी घटना बता दी और तब बेटे ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इस प्रकार अदालत के आदेश पर 2021 में दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज करवायी गई।

# दवाओं पर पशु चिकित्सा विज्ञान का लेबल देख मरीजों में दहशत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के सरकारी अस्पतालों के मरीज हाल ही में उस वक्त हैरान रह गए, जब उन्होंने देखा कि कुछ दवाओं पर 'पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान' (एएचवीएस) का लेबल लगा हुआ है, लेकिन संबंधित विभाग ने कहा है कि दवाओं पर केवल 'लोगो' की ही समस्या है, दवाएं वास्तव में मानव इस्तेमाल के लिए हैं। कर्नाटक राज्य चिकित्सा आपूर्ति निगम लिमिटेड (केएसएमएससीएल) ने कहा कि महज 'लॉगोग्राम' डिजाइन संबंधी त्रुटि थी, लेकिन उत्पाद, मानक गुणवत्ता वाला और 'केवल मानव उपयोग' के लिए था। चूंकि मुद्रण की गलती के कारण मरीजों में दहशत फैल गई, केएसएमएससीएल के प्रबंध निदेशक चिदानंद सदाशिव वतारे ने एक बयान में कहा कि उत्पाद अनुमति प्रतियां प्रस्तुत की गईं और इस बात की पुष्टि की गई कि उन्हें आवश्यक चिकित्सा मानकों के अनुसार और केवल मानव उपयोग के लिए बनाने की अनुमति है। केएसएमएससीएल के सूत्रों के मुताबिक, सात दवाएं ऐसी थीं जिनपर एएचवीएस' लेबल लगा था। इन दवाओं में आंख और नाक में डालने वाली दवाएं (ड्रॉप) शामिल थीं। कुल 62.9 लाख रुपये की कीमत वाली इन दवाओं की आपूर्ति एक निजी फर्म द्वारा की गई थी और यह इस साल पांच जनवरी को सरकारी गोदाम तक पहुंची थी।

# न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने अपने उज्बेक समकक्ष से ताशकंद में मुलाकात की

नई दिल्ली/भाषा। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई चंद्रचूड़ ने बृहस्पतिवार को ताशकंद में उज्बेकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश बख्तियार इस्लामोव के साथ द्विपक्षीय बैठक की। एक विज्ञप्ति के मुताबिक, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने दोनों देशों की शीर्ष अदालतों के बीच द्विपक्षीय सहयोग की संभावना पर चर्चा की। सीजेआई चंद्रचूड़ शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के प्रधान न्यायाधीशों की बैठक के लिए ताशकंद में हैं। एससीओ एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसकी स्थापना जून 2001 में शंघाई में हुई थी। एससीओ ने अपनी स्थापना के बाद से ही मुख्य रूप से क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों और क्षेत्रीय आतंकवाद, नस्लीय अलगाववाद और धार्मिक चरमपंथ के खिलाफ अपनी लड़ाई पर ध्यान केंद्रित किया है। एससीओ की प्राथमिकताओं में क्षेत्रीय विकास भी शामिल है। इससे पहले 22 मई को सीजेआई ने ताशकंद में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की थी।

## पूजा-अर्चना



कोलकाता में गुरुवार को महाबोधि सोसायटी में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com